दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 25 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 246 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## जम्मू में आज बंद रहेंगे सभी स्कूल, खराब मौसम को देखते हुए सरकार ने लिया फैसला

### अब तक बादल फटने और भूस्खलन से 68 लोगों की मौत




**नई दिल्ली।** जम्मू में खराब मौसम से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। पिछले 4 दिनों में बादल फटने की 3 घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें 68 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 122 लोग घायल है। राज्य में खराब मौसम को देखते हुए जम्मू संभाग में स्कूलों को बंद रखने का फैसला किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर सरकार ने रविवार को खराब मौसम को देखते हुए जम्मू क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थानों को सोमवार को बंद रखने का आदेश दिया है। इसके मुताबिक, जम्मू संभाग के सभी सरकारी और निजी स्कूल कल यानी 18 अगस्त 2025 को बंद रहेंगे।

**भारी बारिश का अलर्ट :** बता दें कि पिछले चार दिनों में किश्तवाड़ जिले के चिसोती गाँव और कठुआ जिले के जोध घाटी और जंगलोट इलाकों में बादल फटने की तीन घटनाओं में 68 लोगों की जान चली गई और 122 अन्य घायल हो गए। दस जिलों में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 17 से 19 अगस्त तक भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। संवेदनशील इलाकों में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट भी जारी किया गया है। जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की गई है।

14 अगस्त को किश्तवाड़ में मचैल माता मंदिर के रास्ते में आखिरी मोटर योग्य गांव चिसोती में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें 61 लोगों की मौत हो गई थी। 17 अगस्त को, कठुआ ज़िले में बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई।

## किश्तवाड़ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आपदा पीड़ितों से की मुलाकात



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से प्रभावित किश्तवाड़ जिले के चिसौती गांव में तलाश और बचाव अभियान आज दसवें दिन भी जारी है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने किश्तवाड़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज (जम्मू-कश्मीर) पहुंचकर बादल फटने की घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की।

रक्षा मंत्री ने राहत कार्यों का जायजा लिया साथ ही पीड़ितों से भी मुलाकात की। मीडिया से बात करते करते रक्षा मंत्री ने कहा मैं किश्तवाड़ में जो घटना घटी थी उसके घायलों को देखने आया था। प्रधानमंत्री भी घटना को लेकर चिंतित हैं और स्थिति जानना चाहते थे, इसलिए मैं यहां आया हूं। मैं घटनास्थल पर जाना चाहता था लेकिन खराब मौसम के कारण वहां जाना संभव नहीं हो पा रहा है। वहां भूस्खलन हुआ है, इसलिए गाड़ी आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**पीड़ितों से मिले राजनाथ सिंह :** राजनाथ सिंह ने आगे बताया कि उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मंत्री ने बताया कि अब वो लोग खतरे से बाहर हैं, उनकी हालत में सुधार हो रहा हैं। उन्होंने कहा मैं मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को बधाई देता हूं।

शेष, पृष्ठ 2

## लखनऊ वाली कांग्रेस बैठक से निकलेगा बड़ा संदेश

### जिलाध्यक्षों को मिलेगी ताकत और गाजियाबाद में परिवर्तन के संकेत?



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के सियासी घटनाक्रम की बात करें तो यहां कांग्रेस भी चुनावी रणनीति में लगी है। अब वो अपने संगठन को भी धार दे रही है और वो यहां अपने कार्यकर्ता नेटवर्क के जरिये भाजपा को चुनावी रण में चुनौती देना चाहती है। आज लखनऊ में कांग्रेस की एक अहम बैठक है और इस बैठक के बाद कई फैसले आएंगे।

सूत्र बताते हैं कि लखनऊ बैठक के इफैक्ट गाजियाबाद में भी नजर आएंगे। अगर, कांगेस सूत्रों की मानें तो कांग्रेस संगठन में अब जिला अध्यक्ष को ताकत देने का काम होगा। जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर ही पद से लेकर टिकट का फैसला होगा। अब से पहले ये होता था कि टिकट और पद वितरण में प्रभारियों की चलती थी।

इससे संतुलन बिगड़ता था, लेकिन अब कांग्रेस ने अपने जिलाध्यक्षों को पावर देने का फैसला लिया है और सूत्र बताते हैं कि प्रभारियों को भी निर्देश दे दिये गये हैं कि वो किसी भी नाम पर और किसी भी काम पर फैसला लेने से पहले जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर जरूर ध्यान दें।

सूत्र बताते हैं कि बैठक से परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में जिले पर परिवर्तन का असर दिखाई दे सकता है। यहां महिला कांग्रेस से लेकर मुख्य कांग्रेस तक जिला परिवर्तन के आसार नजर आ रहे हैं।

परिवर्तन की बात करें तो यूथ कांग्रेस में भी चल रहा घमासान अब थम सकता है और यहां भी परिवर्तन के संकेत नजर आ रहे हैं।

# ट्रैफिक सिपाही विपिन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

### कार से टक्कर मारने वाला हिस्ट्रीशीटर भाई संग गिरफ्तार, पुलिस के आलाधिकारियों ने पूरे सम्मान के साथ सिपाही को दी अंतिम सलामी







**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाही विपिन कुमार 32 की दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार की रात दिल्ली-मेरठ हाईवे पर विजयनगर थानाक्षेत्र स्थित आईपीईएम कॉलेज के सामने मुख्य हाईवे पर एक आर्टिका सवार व्यक्ति द्वारा ट्रैफिक पुलिस कर्मी विपिन को जोरदार टक्कर मारी गई थी। हादसा इतनी तेज रफ्तार कार से हुआ कि विपिन कई फीट ऊपर और दूर जाकर गिरा, उसे बेहद गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डाक्टरों ने उसके हाथ, दोनों पैर व शरीर का खून काला होने की जानकारी दी। उसे अतिगहन पर्यवेषण में रखा गया था लेकिन शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अर्टिगा कार चालक सुमित और हिस्ट्रीशीटर विनीत को गिरफ्तार किया गया है। विनीत मधुबन बापूधाम थाने का हिस्ट्रीशीटर है, वह सदरपुर निवासी है। उसपर चोरी मारपीट के 6 मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही उसके पिता और चाचा भी हिस्ट्रीशीटर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में लापरवाही से वाहन चलाने और हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पुलिस इस मामले की कई एंगल से जांच भी कर रही है। सड़क हादसे में जिस तरीके से सिपाही की दर्दनाक मौत हुई है, उससे गाजियाबाद पुलिस में शोक की लहर है। रविवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, कमिश्नरेट के अधिकारियों व पुलिस परिवार ने मृतक विपिन कुमार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी एवं श्रद्धांजलि दी।

### हादसे के वक्त हिस्ट्री शीटर और उसका भाई कार में थे सवार

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिस आर्टिका कार ने विपिन कुमार की जान ली है, उसको हिस्ट्री शीटर का भाई सुमित चल रहा था। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर भी कार में मौजूद था। यह दोनों हरियाणा से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि कार की स्पीड 120 के आसपास थी और सिपाही को अचानक से दूसरी लाइन में आकर सड़क पर उनके द्वारा उड़ाया गया। पुलिस ने इस मामले में हादसे और हत्या को लेकर भी जांच कर रही है।

### 2016 बैच का सिपाही था विपिन, गम में डूबा है पूरा परिवार

करंट क्राइम : पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विपिन कुमार के पिता का नाम जयपाल सिंह है। विपिन की उम्र 32 साल की थी और वह बुलंदशहर खुर्जा के विमल नगर का रहने वाला था। वह वर्ष 2016 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ। उसकी शादी हो चुकी थी, तीन छोटे-छोटे बच्चे थे। परिवार का रो-रो के बुरा हाल है। साथ ही मृतक विपिन कुमार का भाई अक्षय जिसने इस मामले में विजयनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है, वह भी ट्रैफिक पुलिस गाजियाबाद में ही कार्यरत है। शनिवार की रात जैसे ही विपिन कुमार ट्रैफिक कांस्टेबल की मौत की सूचना पुलिसकर्मियों और विभाग के अन्य अधिकारियों को मिली, पूरे विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं उसके गांव विमल नगर में भी लोगों का तांता लग गया और परिजनों का रो-रोक बुरा हाल हो गया।

### पुलिस अधिकारियों ने पूरे सम्मान से दी अंतिम विदाई



करंट क्राइम : पुलिस विभाग में ड्यूटी पर रहते हुए ट्रैफिक सिपाही विपिन की दर्दनाक मौत हुई, जिसके बाद पूरा पुलिस परिवार शोक में है। उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से श्रद्धांजलि का पोस्ट डाला गया। तो गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी रितेश त्रिपाठी, भास्कर वर्मा, जियाउद्दीन, सूर्यबली मौर्य सहित पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा विपिन कुमार को पुलिस लाइन में पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि एवं अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान शोक धुन भी बजाई गई।



"इस मामले में आरोपी सुमित और विनीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। इनका वाहन भी जप्त किया गया है। बताया जा रहा है यह लोग हरियाणा से लौट रहे थे, जिस वक्त इन्होंने सिपाही विपिन को कार से टक्कर मारी दोनों के शराब के नशे में होने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है।

**सच्चिदानंद**, एडीसीपी ट्रैफिक

## गाजियाबाद पुलिस के लिए सड़क बन रही है काल

### 20 दिन में कमिश्नरेट के तीन पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत

**महिला उप निरीक्षक सहित दो कांस्टेबल ने गंवाई जान**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सड़कों पर खाकी वर्दी वालों के लिए तेज रफ्तार वाहन मौत बनकर घूम रहे हैं। बीते 20 दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीन पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हुई है। जिसमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर जहां 11 अगस्त को अनुज नाम के यूपी-112 में तैनात सिपाही की भोजपुर थानाक्षेत्र में दर्दनाक मौत हुई थी। तो वहीं 17 अगस्त की रात कवि नगर थानाक्षेत्र में बाइक सवार महिला उप निरीक्षक रिचा सचान की भी सड़क दुर्घटना में जान गई थीं। अभी पुलिस विभाग दोनों हादसों से उभर भी नहीं पाया था कि 23 अगस्त तारीख की रात अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे ट्रैफिक कांस्टेबल विपिन कुमार भी जिंदगी छोड़कर चले गए। बीते 20 दिनों में जहां दो कांस्टेबल और एक महिला उप निरीक्षक को गाजियाबाद पुलिस ने खोया है। तो पुलिस कर्मियों की जिंदगी पर सवाल खड़ा हो रहा है।

### स्पीड और लापरवाही ले रही है पुलिसकर्मियों की जान




करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर जिस तरीके से ट्रैफिक सिपाही विपिन की दर्दनाक मौत हुई है। उससे हर कोई आहत है। तो सोशल मीडिया पर लोग भी सिस्टम पर सवाल उठा रहे हैं। कोई हाईवे से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की क्या आवश्यकता है, इसको लेकर आवाज उठा रहा है। तो कोई सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जा सकती है, तर्क दे रहा है। तो वही जिस तरीके से पुलिस कर्मियों पर तेज रफ्तार वाहन काल बनकर आ रहे हैं, यह भी बड़ा सवाल है। उधर पुलिसकर्मी अनुज, रिचा सचान और विपिन की मौत के बाद लगातार पुलिस कर्मियों की सुरक्षा का सवाल उठ रहा है। तो वहीं पुलिस के अधिकारियों द्वारा वर्दीधारियों को हेलमेट लगाकर ड्यूटी करने और अपनी जिम्मेदारी को ठीक प्रकार से निभाने का निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

### पुलिसकर्मियों पर ड्यूटी के दौरान नहीं है सुरक्षा के उपकरण



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पास ड्यूटी के दौरान सुरक्षा यंत्रों की कमी है। अधिकांश पुलिसकर्मी बिना हेलमेट और किसी सुरक्षा कवच के नजर आते हैं। तो जहां पर वह चेकिंग पॉइंट या ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, वहां कोई बैरिकेडिंग या सुरक्षा जाल भी मौजूद नहीं होता है। जिस तरीके से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एक के बाद एक पुलिसकर्मी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उसने पुलिसकर्मियों और ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाहियों की टेंशन बढ़ी हुई बताई जा रही है।

### हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन अभियान और पुलिस व्यवस्था की खुली पोल



करंट क्राइम : जिस तरीके से मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के हिस्ट्री शीटर विनीत द्वारा सिपाही विपिन कुमार की गाड़ी से उड़ाकर दर्दनाक हत्या की गई है, यह मामला पुलिस की कमिश्नरेट सिस्टम में बीट पुलिसिंग और अपराधियों के सत्यापन प्रणाली पर भी सवाल उठा रहा है। थाना पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पा रही हैं और वह खुलेआम घूम कर क्राइम कर रहे हैं। वहीं सवाल उठ रहा है कि पुलिस द्वारा अपने ही विभाग के कर्मचारियों की इस दर्दनाक तरीके से मौत के घाट उतारने के मामले में भी पुलिस द्वारा आरोपियों पर जीरो टॉलरेंस वाला एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, कठुआ में नेशनल हाइवे के दोनों पुलों पर ट्रैफिक बंद

## जम्मू-कश्मीर में 72 घंटे में बादल फटने और भूस्खलन की चेतावनी







**जम्मू पठानकोट नेशनल हाईवे पर खड्ड का पुल गिरने की कगार पर**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश जारी है। भारी बारिश के कारण जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। दूसरे पुल पर भी खतरे को देखते हुए ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। वैकल्पिक मार्ग भी ठप है। मौसम खुलने पर ही यातायात बहल होगा। कठुआ जिले में भारी बारिश फिर तबाही लेकर आई है। मगर खड्ड और सहार खड्ड उफान पर है। निचले इलाकों के लोग सुरक्षित जगहों पर पहुंच गए हैं। जम्मू पठानकोट नेशनल हाईवे पर खड्ड का पुल गिरने की कगार पर है, इसलिए हाईवे स्थित पुल पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। आयुष विभाग की इमारत बाढ़ से जमीन धंस गई है। पहाड़ी इलाकों में भी सड़क संपर्क ठप हो गया है। पुरमंडल में देविका नदी का जल स्तर बढ़ने से एक मोहल्ले को खतरा बढ़ गया है।

मौसम के रुख को देखते हुए जम्मू-कश्मीर के लिए अगले 72 घंटे चुनौती भर रहेंगे। मौसम विज्ञान विभाग ने इस दौरान बादल फटने और भूस्खलन की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन अलर्ट पर है। आपात स्थिति से निपटने को हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। खराब मौसम का सबसे ज्यादा असर जम्मू संभाग में देखने को मिलेगा। पूरे संभाग में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार जम्मू, कठुआ, डोडा, कुलगाम, अनंतनाग, किश्तवाड़, पुंछ, राजोरी, रामबन, रियासी, सांबा और उधमपुर में भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं।

इन जिलों में बेवजह यात्रा न करने की सलाह दी गई है। नेशनल हाईवे पर ऊंची पहाड़ियों से पत्थर गिरने और भूस्खलन की संभावना रहेगी। खराब मौसम का प्रभाव 26 अगस्त तक बना रहेगा। अस्पतालों को अलर्ट किया गयाः स्वास्थ्य विभाग ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारियों को ग्रामीण स्तर तक के अस्पतालों में व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में एंबुलेंस और जीवनरक्षक दवाओं का स्टॉक करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। जो कर्मचारी अब तक अवकाश पर थे उन्हें भी तत्काल ड्यूटी पर वापस बुला लिया गया है। जम्मू प्रशासन ने राजस्व, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई, शहरी विकास विभाग, जलशक्ति और स्वास्थ्य शिक्षा विभाग को तैयार रहने को कहा है।

**मुश्किल में हैं तो यहां करें संपर्क :** प्रशासन ने जम्मू में आपात केंद्र बनाया है। यह 24 घंटे खुला रहेगा। कोई भी मुश्किल आने पर 0191-2571616 और 0191-2520542 पर तुरंत संपर्क करें। प्राकृतिक आपदा आने की स्थिति में 112 पर भी मदद मांगी जा सकती है।

**किश्तवाड़-अनंतनाग मार्ग बंद :** किश्तवाड़। किश्तवाड़-अनंतनाग मार्ग भारी बारिश और भूस्खलन के कारण बंद हो गया। आशंका जताई जा रही है कि पहाड़ी पर बादल फटने से सिनथन में नाले में जलस्तर बढ़ गया होगा। इससे मार्ग टूट गया। पिछले कुछ दिनों से पहाड़ों पर लगातार बारिश हो रही है।

## राजस्थान में बारिश-बाढ़ से हाहाकार सवाई माधोपुर-बूंदी सबसे ज्यादा प्रभावित



सवाई माधोपुर : राजस्थान केसवाई माधोपुर में भारी बरसात के बीच लापरवाही की तस्वीरे सामने आई हैं। पुराने शहर के एक घनी आबादी वाले मोहल्ले में पानी का तेज बहाव सड़कों पर दौड़ता नजर आया। इस बीच एक ऐसा वीडियो सामने आया जिसमें कई लोग अपनी जान की परवाह किए बिना छतों पर चढ़कर उफनते पानी में कूदते देखे गए।

**घरों के बाहर नदी जैसा नजारा :** स्थानीय लोगों का कहना है कि लटिया नाला पूरी तरह से अटा हुआ है, जिसके कारण नाले का पानी मोहल्ले में फैल गया और घरों के बाहर नदी जैसा नजारा बन गया। जलजमाव और तेज बहाव की स्थिति में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में एक वीडियो सामने आया जिसमें एक के बाद एक कई लोग घर की छतों से पानी में कूद रहे हैं और जमकर आनंद उठा रहे हैं। लेकिन वहीं दूसरी तरफ पानी का बहाव इतना तेज है कि लोगों की जान पर भी बात आ सकती है।

**सूरवाल बांध के जलस्तर में तेजी से वृद्धि :** लगातार हो रही बरसात से सूरवाल बांध और आसपास के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। जिले में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, कई गांवों में पानी घुस चुका है। सूरवाल बांध में नाव पलटने से 8झ10 लोग पानी में बह गए, जिनमें से 9 को बचा लिया गया जबकि एक व्यक्ति की मौत हुई थी।

# बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे: राहुल

## अररिया में राहुल और तेजस्वी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमला बोला



**तेजस्वी यादव का हमला - चुनाव आयोग बना बीजेपी का कार्यकर्ता**

**पटना।** बिहार के अररिया में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देशभर में वोट चोरी हो रही है और चुनाव आयोग इस पर चुप्पी साधे हुए है। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग अब गोदी आयोग बन गया है और बीजेपी का कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है।

**राहुल गांधी बोले- वोट चोरी हो रही है :** राहुल गांधी ने कहा कि अब करोड़ों लोग मानते हैं कि वोट चोरी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को वोटर लिस्ट तक नहीं दी गई। राहुल ने कहा- हमने कर्नाटक में दिखाया कि कैसे वोट की चोरी हुई। बिहार में ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी यात्रा के दौरान छोटे-छोटे बच्चे आकर कह रहे हैं - वोट चोर गद्दी छोड़। राहुल ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव आयोग अगर इन बच्चों से बात कर ले, तो सच्चाई खुद पता चल जाएगी।

**राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से किए सवाल :** राहुल गांधी ने कहा- "मैंने कर्नाटक के महादेवापुरा से जुड़ा डेटा रखा और चुनाव आयोग से पूछा कि 1 लाख फर्जी वोटर कहां से आए? चुनाव आयोग का जवाब अभी तक नहीं आया। मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही चुनाव आयोग ने मुझसे एफिडेविट मांगा। कुछ दिन बाद बीजेपी के अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, लेकिन चुनाव आयोग ने उनसे एफिडेविट नहीं मांगा। मैंने फर्जी वोटर की बात की, अनुराग ठाकुर ने भी वही बात दोहराई, लेकिन चुनाव आयोग का उनसे एफिडेविट न मांगना दिखाता है कि चुनाव आयोग न्यूट्रल नहीं है। एसआईआर संस्थागत वोट चोरी करने का तरीका है। बिहार में 65 लाख लोगों के नाम काटे गए, लेकिन भाजपा एक शिकायत नहीं कर रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव आयोग, चुनाव आयुक्त और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है।"

तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा - अब चुनाव आयोग गोदी आयोग हो गया है। वह बीजेपी का कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। जमीनी स्तर पर हम घूमे हैं और चुनाव आयोग की क्रेडिबिलिटी पूरी तरह खत्म हो गई है। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा - इतना झूठा पीएम हमने आज तक नहीं देखा।

अफवाह फैलाना इनका काम है। जब बिहार आए तो घुसपैठियों का जिक्र किया, लेकिन चुनाव आयोग के एफिडेविट में एक भी घुसपैठिए का नाम नहीं है।

**मुकेश सहनी का बयान - वोट ही सबसे बड़ी ताकत :** वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि वह पूरे बिहार में यात्रा कर रहे हैं और लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा - वोट ही सबसे बड़ी ताकत है। जब तक वोट का अधिकार रहेगा, समाज में हमें बराबर समझा जाएगा।

**दीपांकर भट्टाचार्य ने सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का दिया हवाला :** भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में यह साफ हो गया कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी राजनीतिक दलों पर डाल रहा है।

उन्होंने कहा - बीएलए की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है, लेकिन अब ये बोझ दलों पर डाला जा रहा है। सबसे ज्यादा बीएलए बीजेपी के हैं, फिर भी उनकी तरफ से कोई शिकायत नहीं आई।

## किश्तवाड़ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आपदा पीड़ितों से की मुलाकात



**बादल फटने से 65 लोगों की मौत**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से प्रभावित किश्तवाड़ जिले के चिसौती गांव में तलाश और बचाव अभियान आज दसवें दिन भी जारी है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने किश्तवाड़ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज (जम्मू-कश्मीर) पहुंचकर बादल फटने की घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की।

रक्षा मंत्री ने राहत कार्यों का जायजा लिया साथ ही पीड़ितों से भी मुलाकात की। मीडिया से बात करते करते रक्षा मंत्री ने कहा मैं किश्तवाड़ में जो घटना घटी थी उसके घायलों को देखने आया था। प्रधानमंत्री भी घटना को लेकर चिंतित हैं और स्थिति जानना चाहते थे, इसलिए मैं यहां आया हूं। मैं घटनास्थल पर जाना चाहता था लेकिन खराब मौसम के कारण वहां जाना संभव नहीं हो पा रहा है। वहां भूस्खलन हुआ है, इसलिए गाड़ी आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**पीड़ितों से मिले राजनाथ सिंह :** राजनाथ सिंह ने आगे बताया कि उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मंत्री ने बताया कि अब वो लोग खतरे से बाहर हैं, उनकी हालत में सुधार हो रहा हैं। उन्होंने कहा मैं मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को बधाई देता हूं। हम राजभवन जा रहे हैं, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और जितेंद्र सिंह भी हमारे साथ हैं, हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वहां लोगों से बात करेंगे।

**उपराज्यपाल ने दिया पुनर्वास का आश्वासन :** इधर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सभी प्रभावित लोगों के समुचित पुनर्वास का आश्वासन भी दिया और कहा कि चिसौती गांव में बादल फटने के बाद लापता हुए 32 लोगों की तलाश के लिए खोज अभियान जारी है। उपराज्यपाल ने कहा, जीएमसी में 16 लोग उपचाराधीन हैं और उनकी हालत स्थिर है।

## राहुल-तेजस्वी की 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होंगे अखिलेश यादव



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी-तेजस्वी यादव 'वोटर अधिकार यात्रा' पर निकले हैं, जिसमें आने वाले दिनों में अखिलेश यादव शामिल होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वह इंडिया गठबंधन की यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा, मैं इंडिया गठबंधन की यात्रा में जाऊंगा।

चुनाव प्रक्रिया पर भी अखिलेश ने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग चुनाव में गड़बड़ी होने पर डीएम के पीछे छिप रहा है और डीएम लोग सीईओ के पीछे छिप रहे हैं। अखिलेश यादव ने अंत में कहा कि अब राजनीतिक पार्टियों और कार्यकताओं का काम बहुत बढ़ गया है - नाम जुड़वाना, वोट डलवाना और गिनवाना सब करना पड़ रहा है।

पार्टी से निकाली गईं विधायक पूजा पाल के पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह समझना मुश्किल है कि जो व्यक्ति एक दिन पहले मुख्यमंत्री से मिलते हैं, उन्हें विपक्षी पार्टी के नेताओं से खतरा बताया जा रहा है। उन्होंने कहा, जब वह हमारे साथ कई सालों तक रही तब खतरा नहीं था, अब खतरा क्यों हो गया? अखिलेश ने साफ किया कि इस मामले की जांच जरूरी है और इसी कारण उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा है, क्योंकि उन्हें यूपी सरकार पर भरोसा नहीं है।किसानों को नहीं मिल रहा खाद, सरकार बताए कहां है खाद- अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर भी कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार चल रही है या नहीं, यह समझ में नहीं आ रहा।

## आईएमए का बड़ा फैसला, आयुष्मान के तहत नहीं होगा इलाज, हड़ताल रहेगी जारी



**पानीपत।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बकाया भुगतान मिलने तक आयुष्मान कार्ड धारकों को उपचार न देने पर अडिग है। आईएमए की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को पानीपत में होगी, जिसमें आंदोलन की समीक्षा कर अगली रणनीति बनाई जाएगी।

आईएमए की जिलाध्यक्ष डॉ. रेनू भाटिया ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि मांग पूरी होने तक इस योजना का बहिष्कार जारी रहेगा। सरकार समस्या सुलझाने के बजाय चिकित्सकों का शोषण करने पर उतर आई है, जिसको किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। डॉ. रेनू भाटिया ने कहा कि बकाया करीब 500 करोड़ रुपये देने के बजाय अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार नोटिस दे रही है। जिले के 10 सदस्यों को नोटिस देकर एक अस्पताल को पैनल से हटा दिया गया है।

चिकित्सकों की ओर से सभी नोटिसों का जवाब दिया जा चुका है। इसके बावजूद अंबाला और पानीपत में छापे के दौरान अस्पताल संचालकों से अभद्रता तक की गई। आईएमए इसकी निंदा करता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महज 30 प्रतिशत भुगतान किया है। करीब 70 प्रतिशत का भुगतान बकाया है।

अब आयुष्मान का विस्तार कर इसमें चिरायु भी शामिल की गई है। जिले में करीब 14 लाख से अधिक लोग इसके दायरे में हैं। ऐसे में आयुष्मान कार्ड व चिरायु कार्ड से इलाज लेने वाले सबसे अधिक हैं। सरकार की ओर से भुगतान नहीं किए जाने के कारण हमें अस्पताल संचालन में दिक्कत आ रही है।

GHAZIABAD MUNICIPAL CORPORATION
Navyug Market, Opp. Old Bus Stand Ghaziabad 201001, Uttar Pradesh
E-mail:gzb.nagar.nigam@gmail.com Website:www.ghaziabadnagarnigam.in
TENDER NOTICE NO: 89/Nirman/2025-26 Dated 23-08-2025
NOTICE INVITING TENDER

| | |
|---|---|
| Tender Notice No./ Reference no. | 89/Nirman/2025-26 Date 23-08-2025 |
| Name of the Department | Ghaziabad Municipal Corporation (GMC) |
| Name of the Project | "Operation & Maintenance of a multipurpose sports complex between NH-24 and Nyay Khand-1 at Indirapuram". |
| Tender/ Bidding Type | Open |
| Tender Category | Agency/Firm |
| Type of Works | Non consulting services |
| Period of Services | 5 Years (+5 Years extendable on satisfactory performance) |
| **JV/consortium** | **Applicable** |
| Bid System | Two Bid System (Technical & Financial) |
| Evaluation Type | Quality cum Cost Bases Selection (QCBS) (30:70) (T:F) |
| Publishing date and time on the e-tendering portal | 25-08-2025 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 02-09-2025 3:00 PM |
| Date, Time and Venue for opening of technical bids | 02-09-2025, 4:00 PM at Ghaziabad Municipal Corporation Navyug Market, Opp-old bus stand Ghaziabad-201001 (UP) |
| Time and date of opening of financial proposal | To be intimated later |
| Bid Validity Period | 180 days |
| Department Address for Communication | Chief Engineer (Ghaziabad Municipal Corporation) Email: **gzb.nagar.nigam@gmail.com, nirman01vibhag@gmail.com** Phone: 8178016833 |
| Document/ Tender Fees | INR 11,800 /- (INR 10,000 + 18% GST Extra) |
| Earnest Money Deposit (EMD) | INR 60,000 /- |
| Performance Guarantee | Considering 5% of the total project cost. It shall be renewed/replaced/extend the validity of FDR proportionately maximum three months before the expiry |

**Chief Engineer**
**Ghaziabad Nagar Nigam**

# राजधानी दिल्ली में वकीलों की हड़ताल, दूसरे दिन भी कामकाज ठप

## उपराज्यपाल (एलजी) की तरफ से जारी अधिसूचना से नाराज वकील



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सभी जिला अदालतों में वकीलों ने उपराज्यपाल (एलजी) की तरफ से जारी एक अधिसूचना के विरोध में शनिवार को भी अपनी हड़ताल जारी रखी। इस दौरान तीस हजारी, साकेत, रोहिणी, कड़कड़डूमा, और द्वारका सहित सभी जिला अदालतों में वकील न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वर्चुअल माध्यम से पेश हुए। हड़ताल सोमवार को भी रहेगी।

इस हड़ताल के चलते कई मामलों की सुनवाई प्रभावित हुई और पक्षकारों को नई तारीखें दी गईं। हड़ताल के दौरान जिला अदालतों में पूरा कामधाम ठप नजर आया। कोर्ट में न्यायाधीश और कर्मचारी मौजूद रहे, लेकिन वकीलों की अनुपस्थिति के चलते किसी भी केस की सुनवाई नहीं हो सकी। वकील अपने-अपने चैंबर में रहे और सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया।

इस संबंध में शनिवार को कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशंस की बैठक तीस हजारी कोर्ट में हुई। इस दौरान समिति ने फैसला लिया कि हड़ताल सोमवार को भी जारी रहेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि लोक अभियोजकों, ईडी, सीबीआई, पुलिस अधिकारियों सहित एनएआईबी अदालतों को भी अदालतों में पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वहीं, आलोचना की गई अधिसूचना आम लोगों के खिलाफ है, इसलिए सोमवार को सभी अदालत परिसरों के बाहर प्रदर्शन भी किया जाएगा, ताकि आम लोगों को इस मनमानी अधिसूचना के बारे में जागरूक किया जा सके। समिति ने यदि सोमवार तक अधिसूचना वापस नहीं ली जाती है, तो हम उपराज्यपाल आवास का घेराव सहित विरोध प्रदर्शन तेज करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं, समन्वय समिति ने इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाने वाले उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रस्तावों को स्वीकार और सराहना की।

वकीलों का कहना है कि पुलिस थानों से बयान दर्ज करने की प्रक्रिया से मुकदमों की निष्पक्षता खतरे में पड़ सकती है, क्योंकि पुलिस अधिकारी आंतरिक दस्तावेजों या बाहरी मदद का उपयोग कर सकते हैं। वहीं, बार एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि सरकार का यह फैसला कि पुलिस थानों से गवाहियों को रिमोट मोड पर रिकॉर्ड किया जाएगा, न्याय प्रणाली की पारदर्शिता पर गहरी चोट है।

उन्होंने कहा कि कोर्ट को यह कैसे पता चलेगा कि गवाही देने वाले व्यक्ति पर कोई दबाव है या नहीं और उसके आसपास कौन मौजूद है। इससे फेयरनेस बिल्कुल खत्म हो जाएगी। वहीं, वकीलों का कहना है कि दिल्ली के वकील इस कानून को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। वह मांग करते हैं कि इसे तुरंत वापस लिया जाए, नहीं तो हड़ताल आगे भी जारी रह सकती है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। सोमवार 25 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## मोदीनगर राज चौराहे पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू

# 48 करोड़ से बनेगा आरओबी, वुडहिल इंफ्रास्ट्रक्चर करेगी निर्माण

### बागपत सांसद राजकुमार सांगवान ने किया उद्घाटन

### मोदीनगर-भोजपुर और आसपास के लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

### दो साल में निर्माण कार्य पूरा करेगी वुडहिल कंपनी









**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** मोदीनगर-भोजपुर और हापुड़ रोड से दिल्ली-मेरठ रोड मार्ग पर अब लोगों को जाम से जूझना नहीं पड़ेगा। मोदीनगर के राज चौपले पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

इस निर्माण कार्य को गाजियाबाद की वुडहिल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड करेगी। करीब 48 करोड़ से बनने वाले मोदीनगर राज चौराहे पर रेलवे ओवर ब्रिज को यह कंपनी दो साल में बना कर पूरा करेगी।

मोदीनगर राज चौपला पर वुडहिल कंपनी द्वारा बनाये जा रहे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक मंजू सिवाच, अध्यक्षता मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली ने की। इस मौके पर प्रमुख रूप से मौजूद रहने वालों में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, वुडहिल कंपनी के एमडी विवेक भाटी, डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी, डायरेक्टर रोहन चौधरी एवं एसडीम मोदीनगर, अन्य अधिकारी एवं मोदीनगर शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।



### भोजपुर-मोदीनगर की कनेक्टिविटी होगी आसान

करंट क्राइम : इस मौके पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा है कि इस पुल के निर्माण होने से भोजपुर-मोदीनगर के लोगों का जीवन आसान होगा। जितने भी प्रमुख स्कूल, कॉलेज ,अस्पताल और प्रमुख संस्थान हैं, वह भोजपुर से मोदीनगर की ओर ही हैं। कनेक्टिविटी ना होने की वजह से हमेशा जाम और वाहन फंसते थे। आरओबी बनने के बाद अब यह समस्या दूर होगी। इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया। यह पुल वाई शेप में निर्मित किया जाएगा। वहीं वुडहिल कंपनी के एमडी विवेक भाटी का कहना है कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भी अब लोगों को आने के लिए आसानी होगी, वह इस आरओबी के सफर से राहत महसूस करेंगे।

**यह पुल वाई शेप में निर्मित किया जाएगा**



### यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बदलेगा मोदी नगर का ले-आउट



करंट क्राइम : रेलवे फाटक बंद होने पर हापुड़ रोड से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर वाहनों की लंबे कतारें लग जाती थीं। सेतु निगम द्वारा बनाया जाने वाला आरओबी लगभग दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बनने से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात सुचारू से संचालित हो सकेगा, यात्रियों का समय बचेगा। तो वहीं मोदीनगर के राज चौपला चौराहे पर बनने वाला यह आरओबी वाई आकार का बनेगा। रेलवे फाटक से हापुड़ रोड पर गाजियाबाद की ओर 325 मीटर और मेरठ की ओर 905 मीटर तक इसका विस्तार होगा। इससे यातायात व्यवस्था बदलेगी, तो वहीं मोदीनगर का ले-आउट बदलेगा।

### हापुड़- मोदीनगर-गाजियाबाद के लोगों के लिए आरओबी बनेगा सौगात

करंट क्राइम : बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का कहना है कि राज चौपले पर बना रहे इस आरओबी के बनने से हापुड़-भोजपुर- मोदीनगर और गाजियाबाद के लोगों को काफी आसानी होगी। तो वहीं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से भी इसकी कनेक्टिविटी जोड़ने से लोगों को सफर तय करने में कम समय लगेगा। उनका ईंधन कम खर्च होगा और यह एक बड़ी सौगात है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को मिल रही है।

संबंधित फोटो, पृष्ठ 6

# हो गया नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव का ऐलान

## अब संगठन और मेयर को घोषित करने हैं भाजपा उम्मीदवारों के नाम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी को लेकर ये सवाल उठ रहा था कि निगम कार्यकारिणी का चुनाव क्यों नहीं हो रहा है। इसी बीच हाउस टैक्स के विरोध का मामला आ गया और फिर बोर्ड बैठक हुई। इन सबके बीच अब खबर ये है कि नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव का ऐलान हो गया है।

नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव एक सितंबर को होगा। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पार्षदों के पास इसकी सूचना भेज दी गई है। निगम कार्यकारिणी चुनाव के लिये सदन की विशेष बैठक एक सितंबर को होगी। ये बैठक सुबह ग्यारह बजे सोमवार को होगी। नगर निगम कार्यकारिणी में छह सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो चुका है और अब इन छह सदस्यों के लिये चुनाव होगा।

### 11 से 3 के बीच में कंप्लीट हो जाएगा कार्यकारिणी गठन का सीन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव सोमवार एक सितंबर को होगा। इसके लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित हो चुका है। एक सितंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे से बारह बजे तक कार्यकारिणी चुनाव के लिये नामांकन पत्र दिये जाएंगे। इसके बाद बारह बजे से सवा बारह बजे तक नामांकन भरकर जमा कराने होंगे। इसी दिन सवा बारह से बारह बजकर 45 मिनट तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन पत्र की जांच के बाद 12 बजकर 45 से एक बजे तक का समय नामांकन पत्रों की वापसी के लिये रहेगा। इसके बाद दोपहर एक बजे से तीन बजे तक मतदान होगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा और सर्वसम्मति से चुनाव हुआ तो मतदान की आवश्यकता नहीं रहेगी। मतदान होने की स्थिति में तीन बजे के बाद मतगणना शुरू होगी और मतों की गिनती के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव लोहियानगर स्थित हिंदी भवन परिसर में होगा।

### आ सकता है कार्यकारिणी में पार्षद बायकॉट का ट्विस्ट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव का ऐलान हुआ है और सूत्र बताते हैं कि इंटरनल घमासान भी शुरू हो चुका है। कहानी में मिनट्स की एंट्री हो चुकी है और सूत्र बताते हैं कि 25 से 30 पार्षद मिनट्स ना मिलने की स्थिति में इस चुनाव का बायकॉट कर सकते हैं। कहानी में 30 जून वाली बैठक का जिक्र होगा। बताया जाता है कि एक सितंबर वाले चुनाव में 25 से 30 पार्षदों की तबियत खराब हो सकती है और हैल्थ इश्यू के चलते बैठक में ना आएं इस बात की प्रबल संभावना है।

### अब सबकी निगाहें सांसद, मेयर, विधायक वाले नामों पर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कार्यकारिणी चुनाव में कौन भाग लेगा, ये संगठन तय करेगा और यहां संगठन से ज्यादा मेयर, सांसद और विधायकों की भूमिका होगी। बताया जाता है कि कार्यकारिणी में छह नए सदस्य चुने जाने हैं। इनमें से भाजपा चार नाम दे सकती है और चार नामों को लेकर ट्विस्ट ये है कि अगर, मेयर अपना एक नाम देती हैं तो तीनों विधायक अपना एक-एक नाम देंगे। यहां पर अगर, लोकसभा सांसद ने रुचि दिखाई तो ये नामों की संख्या पांच हो जाएगी। इसी बीच अगर, महानगर अध्यक्ष ने अपनी पसंद का नाम दिया तो ये संख्या छह हो जाएगी। जबकि भाजपा चार उम्मीदवारों को उतारेगी। ऐसे में अब सभी की निगाहें, सांसद, मेयर और विधायकों के नाम पर रहेगी। खास बात ये रहेगी कि यहां कौन से वो दो नाम ऐसे रहेंगे जो सांसद, मेयर और विधायक की कॉमन पसंद के होंगे, तभी ये बात बनेगी।

### क्या बागी उम्मीदवार नहीं होने देंगे गेम को इतना आसान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव है और इसके लिये नदिया के उस पार से लेकर लाइन के उस पार तक के पार्षद तैयारी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि हाउस टैक्स वाले आंदोलन के बाद से अब तेवर पार्षदों के भी बदले हुए हैं। ऐसे में ये संभावना जताई जा रही है कि इस बार बागी उम्मीदवार मैदान में आएंगे, उनकी संख्या बढ़ेगी और अगर ये बगावत खुलकर सामने आ गई तो चुनाव इतना आसान नहीं रह जाएगा। भाजपा चार का गणित लेकर चल रही है, एक उसके पास ऑप्शन है। ऐसे में पांच सदस्यों को ला सकती है, लेकिन अगर बागी उम्मीदवार मैदान में आ गए तो यहां पेंच फंस जाएगा और संगठन के सामने एक बड़ी चुनौती आम सहमती बनाने की आ गई है।

### गौरव सोलंकी, मदन राय सहित होंगे कौन से पांच नाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी में 12 सदस्य व्चुने जाते हैं। पहले वर्ष 12 सदस्य चुने जाने के बाद फिर एक साल के बाद इनमें से पर्ची सिस्टम के जरिये छह सदस्य बाहर हो जाते हैं और फिर छह सदस्य लिये जाते हैं। फिर एक साल बाद जो पुराने सदस्य होते हैं जिनका कार्यकाल दो वर्ष पूरा हो जाता है उनमें से छह सदस्य निगम कार्यकारिणी के बाहर होते हैं और फिर छह नए सदस्य चुने जाते हैं। इस बार छह नए सदस्य चुने जाएंगे। बताया जाता है कि टैक्स आंदोलन में मुखर रूप से आवाज उठाने वाले पार्षद गौरव सोलंकी की दावेदारी रहेगी। भाजपा पार्षद मदन राय ऐलान कर चुके हैं कि वो चुनाव लड़ेंगे। लाइन पार के पार्षद ओमप्रकाश ओड दावेदारी कर रहे हैं। हिमांशु शर्मा ने भी चुनाव लड़ने की बात कही है।

# कितना टैक्स देना होगा? कब तक देना होगा? कितना समय मिलेगा टैक्स जमा करने के लिए? इसका पता कब तक चलेगा? माननीय महापौर और माननीय पार्षद गण भी मौन हैं : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस वर्ष में नगर निगम ने हाउस टैक्स में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी। जिन घरों पर सैकड़ों में टैक्स था उन पर हजारों में टैक्स कर दिया है। इसके विरोध नगर निगम के पार्षदों ने ही इसे अनुचित बताते हुए बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। इसके प्रतिफल स्वरूप अपेक्षा थी कि नगर निगम पूर्व की दर पर ही हाउस टैक्स के नोटिस जारी करेगा। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बाद में समाचार पत्रों से पता चला कि निगम पार्षद बोर्ड की मिनिट्स की प्रति प्राप्त करने को धरना दे रहे हैं। जिन्हें लोगों को अवगत कराना था कि आपका टैक्स बढ़ेगा नहीं, यह हमने बोर्ड बैठक में तय कर दिया है। वे

> **बेचारे पार्षदों को मिनिट्स के लिए आंदोलन तक करना पड़ा**
>
> **ये बात ठीक है कि वोट मोदी जी और योगी जी के नाम से मिलती है लेकिन देता तो ये ही मतदाता है जिस पर बेतहाशा बढ़े टैक्स की तलवार लटकी हुई है**





बेचारे स्वयं बोर्ड बैठक की मिनिट्स के लिए आंदोलन कर रहे थे। एक दिन समाचार पत्रों से पता चला कि हाउस टैक्स समय से जमा करने में जो 20% की छूट मिलती थी , उसको बढ़ाकर सितम्बर तक कर दिया है।

अब शहर के निवासी को समझ नहीं आ रहा है कि टैक्स के संबंध में क्या अंतिम निर्णय रहा? अगर बोर्ड बैठक में टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव निरस्त/स्थगित हो गया है तो जो पहला टैक्स देय बनता है , उसे जमा करने की सूचना निगम से मिलनी चाहिए थी। पिछले दिनों नगर निगम के बोर्ड ने जो प्रस्ताव पास किया था उस पर क्या कार्यवाही हुई? क्या वह प्रस्ताव निर्णय है या केवल कोई सुझाव है? अगर वह शासन से अनुमोदित होना है तो प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी का बहुमत है। फिर भाजपा के द्वारा शासित निगम के बोर्ड का प्रस्ताव कहां अटक गया है? सौभाग्य से नगर निगम क्षेत्र में प्रदेश सरकार के माननीय दो मंत्री निवास करते हैं। तीन माननीय विधायक और एक विधान परिषद के माननीय सदस्य और माननीय सांसद भी नगर क्षेत्र के निवासी हैं और सौभाग्य से सभी भाजपा के हैं। इसके बाद भी सन्नाटा क्यों है? क्या निर्णय हुआ है? कितना टैक्स देना होगा? कब तक देना होगा? कितना समय मिलेगा टैक्स जमा करने के लिए? इसका पता कब तक चलेगा? माननीय महापौर और माननीय पार्षद गण भी मौन हैं। माननीय विधायकगण , माननीय सांसद जी और माननीय मंत्री गण भी इस संबंध में कुछ भी नहीं बता रहे हैं।

ये बात ठीक है कि यहां का मतदाता भाजपा का स्थायी वोटर है। इसके बाद भी मतदाता सभी माननीय जनप्रतिनिधियों से अपने मतदाता के हितों की रक्षा की अपेक्षा तो करता ही है। ये बात ठीक है कि वोट मोदी जी और योगी जी के नाम से मिलती है लेकिन देता तो ये ही मतदाता है जिस पर बेतहाशा बढ़े टैक्स की तलवार लटकी हुई है।

## संपादकीय

# दुरुस्त आए

सुप्रीम कोर्ट ने (आवारा कुत्तों) पर अपने ताजा आदेश में विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखा है। फैसला इस मायने में संतुलित है कि इसमें सभी पक्षों के बीच सामंजस्य बनाते हुए समस्या का समाधान निकालने की कोशिश की गई है। नियमों के अनुरूप शीर्ष अदालत ने इस बार व्यवहारिकता पर ज्यादा जोर दिया है, जबकि 11 अगस्त के फैसले में इसकी साफ कमी दिख रही थी। कोर्ट ने अपने ही फैसले को पलटते हुए टउऊको आदेश दिया कि सभी स्ट्रे डॉग्स को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी इलाके में छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें पकड़ा गया था।

राष्ट्रीय नीति स्ट्रे डॉग्स की समस्या केवल दिल्ली या किसी खास इलाके तक सीमित नहीं है। देश के लगभग हर हिस्से में आवारा पशुओं और उनमें भी कुत्तों की बढ़ती आबादी को लेकर समय-समय पर चिंता जाहिर की जाती रही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रीय नजरिये से मदद मिलेगी। यह बेहतर है कि अलग-अलग अदालतों के बजाय स्ट्रे डॉग्स से जुड़ी सारी याचिकाएं एक जगह सुप्रीम कोर्ट में सुनी जाएं।

टकराव न बढ़े अदालत ने इसका पूरा ध्यान रखा है कि फैसले का अनुपालन करने में कोई समस्या न आए, लेकिन कुछ पॉइंट हैं, जहां परेशानी हो सकती है। आदेश के मुताबिक, स्ट्रे डॉग्स को सार्वजनिक रूप से खाना नहीं खिलाया जा सकेगा। फीडिंग जोन बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि इससे डॉग लवर्स और उनका विरोध करने वालों के बीच तनाव देखने को मिल सकता है। देश की लगभग हर सोसायटी, कॉलोनी, गांव में ऐसे लोग होते हैं, जो स्ट्रे डॉग्स को खाना खिलाते हैं। नया टकराव पैदा किए बिना इन्हें कैसे रोका जाएगा, यह देखना होगा।

निगरानी और सख्ती सुप्रीम कोर्ट ने आक्रामक और रेबीज वाले स्ट्रे डॉग्स को नहीं छोड़ने के लिए कहा है। रेबीज का पता लगाया जा सकता है, लेकिन आक्रामकता की परिभाषा क्या होगी? जब किसी स्ट्रे डॉग को पकड़ा जाएगा, तो स्वाभाविक तौर पर उस वक्त उसका व्यवहार आक्रामक होगा। अब तक का अनुभव यही कहता है कि संबंधित एजेंसियों और संस्थाओं के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश हों ताकि उनके लिए कोई बहानेबाजी न बचे। यह मुद्दा इतना गंभीर हुआ ही इसलिए, क्योंकि इस पर लगातार लापरवाही बरती गई। अब ज्यादा सख्ती और कड़ी निगरानी की जरूरत है।




### क्यों हो रही है चर्चा, वो कर देंगे 20 लाख का खर्चा

चुनाव कोई भी हो उसके तीन शब्द कॉमन होते हैं। वोट जरूरी है, नोट जरूरी है और सपोर्ट जरूरी है। मोहल्ले वाले सदन की एग्जिक्यूटिव बॉडी में जाना चाहते हैं। उनका कहना है कि तन-मन-धन से जीतकर यहां तक आए हैं और यहां से कार्यकारिणी वाले कमरे में जाने के लिये पूरा जोर लगाएंगे। अभी पर्चा भरने की बेला नहीं आई है, लेकिन चर्चा 20 पेटी की शुरू हो गई है। फूल वाले मेंबर ने ही इस चर्चा को कर रहे दूसरे मेंबर को समझाया और कहा कि क्यों बिना मतलब इस चुनाव को महंगा कर रहे हो। मगर, किसी की समझ में आए तब तो। फिर भी समझाने वाले ने अपना फर्ज निभाया और याद दिलाया कि हमें देख लो जबसे मिले हैं एक मीटिंग हुई है। अफसर ठीक से बात नहीं करता और अपनों के निशाने पर हम हैं। फिर भी तुम्हें लगता है कि तो करो खर्चा, भरो पर्चा, हमारे हिसाब से तो 20 भी कम है।

### हे आर्य पुत्र जरा जिला पंचायत की जमीन पर भी तो लगाओ आरटीआई

फूल वाले वो एक्स पार्षद अब सियासत से रिलेक्श वाले मोड में हैं। एक लंबा समय उन्हें वार्ड की पॉलिटिक्स से जनता द्वारा वीआरएस दिये हो गया है। वो हर बात में अब आरटीआई ही लगाते हैं और नाले पर चौकी बनें तो आरटीआई और रामलीला का हिसाब ना मिले तो आरटीआई। सुना है अब राम वाले ही कह रहे हैं कि हे आर्य पुत्र तुम रामलीला का हिसाब छोड़ो और एक आरटीआई उस आर्य समाज की भी लगाओ, जिसके तुम कर्ताधर्ता हो। जरा हमें भी तो बताओ, जिला पंचायत की जमीन पर पार्किंग का धंधा कौन कर रहा है। सबको बताओ कि मोटर वालों की कारें कैसे खड़ी हो रही हैं। जिला पंचायत को खबर है कि नहीं कि उनकी जमीन पर कोई पार्किंग चला रहा है और धन कमा रहा है।

### नेता से बड़ा लॉलीपोप थमा दिया जब पीड़ित को कोतवाल ने

लस्सी वाले नेता की दुकान के पीछे प्लॉट है और प्लॉट की दीवार पर रार हो गई। खाली जमीन है तो झुग्गी भी डल गई और झुग्गी है तो कोई रह भी रहा है। पॉलिटिक्स वाले तो अफसरी अंदाज में हैं, लेकिन अफसर फुल पॉलिटिक्स कर रहे हैं। बताते हैं कि नेता पुत्र को पुलिस ने कहा कि तुम्हारा क्या लेना-देना और जमीन पर झुग्गी डालकर कब्जा करने वाली महिला को बड़ा लॉलीपोप थमा दिया। कोतवाल ने उसे इस जगह के बदले 50 गज का प्लॉट दिलवाने का आश्वासन दिया और फिर पूरे विरोध को आराम से मैनेज कर लिया। सुना है अब जमीन वाले सिकंद्राबादी लाला के बाउंसर डेरा डालकर बैठे हैं और वकीलों वाली टीम आज जीडीए में कोई अर्जी दाखिल करेगी।

## सट्टेबाजी केस में विधायक गिरफ्तार, टैरिफ तनाव के बीच अमेरिकी सांसदों से मिले भारतीय राजदूत



**नई दिल्ली।** यूरोप के केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लगार्ड का मानना है कि कोरोना महामारी के बाद यूरोप में विदेशी श्रमिकों की भागीदारी बढ़ी है। इससे मुद्रास्फीति घटाने और विकास बनाए रखने में मदद मिली है। शनिवार को लगार्ड ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व संगोष्ठी के दौरान कहा, जर्मनी की जीडीपी 2019 की तुलना में लगभग 6% कम होती अगर विदेशी श्रमिकों का योगदान न होता। स्पेन की मजबूत आर्थिक रिकवरी भी विदेशी मजदूरों पर निर्भर रही।

लगार्ड के मुताबिक विदेशी श्रमिकों की आमद ने कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने और महामारी के बाद मांग पूरी करने में मदद की। इससे यूरोप और अमेरिका में महंगाई नियंत्रित हुई। बकौल लगार्ड, 'बढ़ती आप्रवासन दर के कारण राजनीतिक असंतोष भी पनपा। उन्होंने कहा, श्रम की कमी दूर करने में प्रवासियों की अहम भूमिका हो सकती है, लेकिन राजनीतिक दबाव आव्रजन पर रोक लगा सकता है। इसके अलावा, वास्तविक मजदूरी में गिरावट, कंपनियों द्वारा श्रमिकों को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति और श्रम में बुजुर्गों की भागीदारी में वृद्धि ने भी स्थिर विकास में योगदान दिया। इससे 2022-23 में ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद मंदी नहीं आई। 2022 में विदेशी श्रमिक एव के कार्यबल का 9 फीसदी था।

### शनिवार रात गिरफ्तार हुए कांग्रेस विधायक

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी के मामले में कर्नाटक के चित्रदुर्ग क्षेत्र के विधायक केसी वीरेंद्र को गंगटोक से गिरफ्तार किया और उनके पास से लगभग 12 करोड़ रुपये नकद, जिसमें लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा, 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी के सामान और पीएमएलए, 2002 के तहत चार वाहन बरामद किए।

उन्हें कल रात गंगटोक से बंगलूरू लाया गया। टैरिफ तनाव के बीच अमेरिकी सांसदों से मिले भारतीय राजदूत अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने दोनों देशों के बीच चल रहे टैरिफ तनाव के बीच अमेरिकी सांसदों के साथ चर्चा की।

## 25 08 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


डैजी शाह
अभिनेत्री


दिवयांश भारद्वाज


कविता गुप्ता


गीतांजलि कौशिक


नमिता गुप्ता


रश्मि चौधरी


मनोज शर्मा


राजू सैनी


नितिन शर्मा


प्रमोद कुमार शर्मा


शुभम त्यागी


विवूध गुप्ता


अमित


योगेन्द्र भारद्वाज


राजेश जोशी


सुभाष सोलंकी


देवेन्द्र मित्तल


सुनील पंवार


अंशु पाल


जेम्स अर्नेस्ट


अजय खरखौदिया


मुकेश जैन


प्रह्लाद कुमार



पिन्टू डागर


विशाल भारती


मनोज शर्मा


अमर गुप्ता


अनुराग शर्मा


गौरव शिन्हा


नरपाल सिंह पुंडीर


अरूण शिशौदिया


रविंद्र सिंह


सोनू


सुशील शर्मा



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है – तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- क्या आप जानते हैं? लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की क्षमता, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- एक गाय का थन 25-50 पौंड दूध रख सकता है।
- नेरो की पत्नी और क्लियोपेट्रा दोनों अपनी त्वचा को फिर से जीवंत करने के लिए दूध में स्नान करने के लिए नियमित रूप से ज्ञात थी। नेरो की पत्नी अपने बाथटब को दूध से भरा रखने के लिए 500 गदहे रखी थीं सभी बीमारियों और धब्बे को दूर कर सकें!

## 'सामान्य शब्दों को नहीं बना सकते ट्रेडमार्क' दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रैवल कंपनी की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ट्रैवल कंपनी की यात्रा शब्द पर एकाधिकार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि सामान्य शब्द कभी भी ट्रेडमार्क नहीं बन सकते। रोजमर्रा की भाषा में इस्तेमाल होने वाले शब्दों पर एकाधिकार नहीं किया जा सकता। ट्रैवल कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने मच कॉन्फ्रेंस एंड इवेंट्स लिमिटेड को बुकमाईयात्रा और बुकमाईयात्रा डॉट कॉम के तहत सेवाएं शुरू करने से रोकने की मांग की थी। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हिंदी में यात्रा शब्द ट्रैवल का समानार्थी होने के कारण यात्रा सेवाओं के संबंध में सामान्य और वर्णनात्मक है। कोई भी एकल संस्था इस पर विशिष्टता का दावा नहीं कर सकती। सामान्य या सामान्य वर्णनात्मक शब्द कभी भी अपने आप में ट्रेडमार्क नहीं बन सकते, क्योंकि वे कभी भी विशिष्टता या द्वितीयक अर्थ प्राप्त नहीं करते। ये शब्द उत्पत्ति या स्रोत का संकेत नहीं देते। यह स्थापित कानून है कि रोजमर्रा की भाषा में प्रयुक्त शब्दों पर एकाधिकार की अनुमति नहीं दी जा सकती। यात्रा ऑनलाइन के वकील ने दावा किया कि उसने 2006 से अपने यात्रा और यात्रा डॉट कॉम ब्रांडों में भारी साख बनाई है।



इसके 15 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं और वित्त वर्ष 2023-24 में 5,600 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार है। प्रतिद्वंद्वी ब्रांड बुकमाईयात्रा भ्रामक रूप से समान है और यात्रा की प्रतिष्ठा का फायदा उठाने के लिए इसे बुरी नीयत से अपनाया गया है।

## राशिफल

**मेष :** दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष :** आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन :** आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा। राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क :** मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है। जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, फायदेमंद होगा।

**सिंह :** नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**कन्या :** आज कामकाज के मामले में स्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**तुला :** यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा।

**वृश्चिक :** आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु :** आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। कई अवसर प्राप्त होंगे और वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा।

**मकर :** अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए। भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ :** माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं। भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन :** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है।

## चुटकुले

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे सब उल्टा-सीधा दिखता है।
डॉक्टर : अच्छा, ये दवाई लो।
मरीज : कितने पैसों की है?
डॉक्टर : 500 रुपये।
मरीज : लो जी, 2000 का नोट लो!

गोलू : यार, तेरी बीवी बहुत अच्छी है!
मोनू : पता है। और बता।
गोलू : खाना भी बहुत अच्छा बनाती है।
मोनू : हाँ, और?
गोलू : और भाई तेरा दोस्त भी भूखा है!

पत्नी : सुनो जी, मैं कैसी लग रही हूँ?
पति : बिल्कुल बादल जैसी!
पत्नी (खुश होकर) : मतलब इतनी सुंदर?
पति : नहींङ्घ दिन में भी अंधेरा कर देती हो!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# कांस्टेबल सौरभ की हत्या के मामले में पुलिस ने 78 पेज की चार्टशीट की दाखिल

## पुलिस कमिश्नरेट ने इस मामले में कुल 24 अपराधियों को किया था गिरफ्तार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ग्रामीण जोन अंतर्गत आने वाले मसूरी थानाक्षेत्र में 25 मई की रात नाहल गांव में दबिश देने आई गौतमबुद्ध नगर पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में गाजियाबाद पुलिस द्वारा तेज गति से जांच की गई है। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर 78 पेज की चार्टशीट दाखिल की है, जो कोर्ट में जाएगी। इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा कुल 24 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अधिकांश बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, उनके पैर में गोली लगी थी। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कई टीमों का इंवॉल्वमेंट भी देखने को मिला था।



### नाहल गांव के 23 अपराधियों के खिलाफ हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले की जांच मसूरी पुलिस गाजियाबाद कर रही थी। इस मामले में पुलिस द्वारा इस गांव में रहने वाले 23 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि इस गांव में बड़ी संख्या में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग रहते थे, जो सिपाही सौरभ की हत्या के बाद गांव से फरार हो गए थे। मसूरी थाना प्रभारी अजय कुमार ने उनका क्राइम रिकॉर्ड निकालना शुरू किया, तो ज्यादातर अभ्यस्त अपराधी निकले। इसके बाद इंस्पेक्टर मसूरी अजय कुमार और पुलिस कमिश्नरेट की टीमों द्वारा यहां के 23 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई।

### आधा दर्जन बदमाश मुठभेड़ के बाद किए गए थे गिरफ्तार

**करंट क्राइम :** 25 मई के बाद इस पूरे मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद एक्शन और अलर्ट मोड पर थी। लगातार इलाके में रहने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने जहां गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के कांस्टेबल सौरभ की हत्या के मामले में आधा दर्जन बदमाशों को मुठभेड़ में गोली मार कर गिरफ्तार किया था। तो वहीं कई अन्य बदमाशों को गांव से खदड़ने का काम किया। कई दिनों तक दिन रात पुलिस की छापेमारी वाली कार्रवाई चली थी ,तो कई प्रमुख टीमों को भी इस मामले में लगाया गया था। खासतौर पर थाना प्रभारी अजय कुमार व उनकी टीम ने बेहद मेहनत इस केस में की थी।

### इन पर की गई है गैंगस्टर की कार्रवाई

**करंट क्राइम :** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कादिर, अब्दुल सलाम, अब्दुल खालिक, मुर्सलीम, मुसाहिद, नन्नू, दानिश, इरफान, मेहताब, अब्दुल रहमान, हसीन, जावेद, मुरसलीम, ईनाम, मेहताब, जावेद, आबिद उर्फ बिलौरी, आमिर उर्फ मीर, महाराज, खुशैंद, राहत, साजिद और कमरे आलम पर गैंगस्टर एक्टर के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकांश बदमाश तीस साल से कम उम्र वाले हैं।

### यह था पूरा मामला

**करंट क्राइम :** मसूरी के नाहल में नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या मामले में मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। नोएडा फेस तीन थाने के दारोगा सचिन राठी की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में बताया गया था कि सात पुलिसकर्मी नाहल गांव में आरोपित कादिर को पकड़ने गए थे। इनमें पुलिस टीम में दारोगा उदित सिंह, निखिल, सिपाही सचिन, सौरभ, संदीप कुमार और सोनित भी शामिल थे। इसी दौरान गांव में पथराव व हमला हुआ जिसमें गोली लगने से सौरभ सिपाही की मौत हुई थी।

# सिंधू-लक्ष्य के सामने शुरूआती दौर में कड़ी चुनौती, सात्विक-चिराग से अच्छे प्रदर्शन की आशा



**नई दिल्ली।** सिंधू और लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप से खराब प्रदर्शन से उबरकर फॉर्म में वापसी करने के इरादे से उतरेंगे। इन दोनों के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन के सामने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती होगी। इस टूनार्मेंट की शुरूआत सोमवार से हो रही है। सिंधू और लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप से खराब प्रदर्शन से उबरकर फॉर्म में वापसी करने के इरादे से उतरेंगे। इन दोनों के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं।

लक्ष्य को अगर विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरूआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

### सात्विक-चिराग को पहले दौर में मिली बाई

विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है। पुरुष युगल में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पहले दौर में बाई मिली है और वे दूसरे दौर में हमवतन हरिहरन अम्साकरुनन और रूबेन कुमार या चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से खेलेंगे।

मिश्रित युगल में 16वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गाडे का पहला मुकाबला मकाऊ के लियोंग लोक चोंग और वेंग ची एनजी से होगा। महिला युगल में प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा तथा पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगे।

# भारत की भूटान पर जीत सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में 8-0 से रौंदा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन भारत ने दूसरे हाफ में दबदबा कायम करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने रविवार को सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में मेजबान भूटान को 8-0 से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। अनुष्का (53वें, 61वें, 73वें) के शानदार प्रदर्शन के अलावा अभिस्ता बसनेट (23वें, 89वें) ने दो गोल किए जबकि पर्ल फर्नांडीस (71वें), दिव्यानी लिंडा (77वें) और वलैना जादा फर्नांडीस (90+2वें) ने गोल किए। भारतीय टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन भारत ने दूसरे हाफ में दबदबा कायम करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने टूनार्मेंट में अब तक 17 गोल किये हैं जबकि उसके खिलाफ कोई भी गोल नहीं हुआ है। टीम ने इस जीत के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। भारत के नाम अब तीन मैचों में नौ अंक हैं, जो बांग्लादेश और नेपाल से काफी आगे हैं। इन दोनों टीमों के तीन-तीन अंक है। भूटान का अभी खाता नहीं खुला है।

# भारतीय निशानेबाजों का एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी

## ऐश्वर्य ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ऐश्वर्य ने फाइनल में 462.5 का स्कोर कर शीर्ष स्थान हासिल किया। रजत पदक चीन के वेनयू झाओ ने जीता जिन्होंने 462 अंक हासिल किए। वहीं, जापान के नाओया ओकाडा ने 445.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारतीय निशानेबाजों का एशियाई चैंपियनशिप में शानदार अभियान जारी है और अब ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीत लिया है। ऐश्वर्य ने फाइनल में 462.5 का स्कोर कर शीर्ष स्थान हासिल किया। रजत पदक चीन के वेनयू झाओ ने जीता जिन्होंने 462 अंक हासिल किए। वहीं, जापान के नाओया ओकाडा ने 445.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

तोमर ने इस स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतियोगिता के अधिकांश हिस्से में बढ़त बनाए रखी। इस 24 साल के निशानेबाज ने नीलिंग पोजीशन में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन इसे प्रोन पोजीशन में दोहरा नहीं सके। उन्होंने हालांकि स्टैंडिंग दौर में अच्छा प्रदर्शन किया और 1.5 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद विजेता बने।



### क्वालिफिकेशन दौर में तीसरे स्थान पर थे ऐश्वर्य

इस स्पर्धा में अन्य भारतीय निशानेबाजों में चैन सिंह चौथे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले तोमर, चैन सिंह और श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तोमर क्वालिफिकेशन में कुल 584 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे। तोमर का यह इसी स्पर्धा में दूसरा एशियाई खिताब था। उन्होंने 2023 में भी स्वर्ण पदक जीता था। जकार्ता में 2024 सत्र में हालांकि उन्हें श्योराण से हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

# फुटबॉल...पहले हाफ में 0, दूसरे में चार गोल दागकर यूपी टीम ने जीता मुकाबला



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के अवैतनिक महासचिव मोहम्मद शाहिद ने बताया कि उत्तर प्रदेश की सब जूनियर बालिका फुटबॉल टीम पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने के करीब पहुंच गई है। लीग मैच में उत्तर प्रदेश ने अंडमान-निकोबार को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से मात दी। दूसरे लीग मैच में पुडुचेरी को 10-0 से हराया।

वहीं अरुणाचल प्रदेश की टीम के नहीं आने से यूपी को वॉकओवर मिला। इसके बाद सेमीफाइनल मैच में यूपी की टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और तेलंगाना को करारी शिकस्त दी। खेल के पहले हाफ में तेलंगाना 1-0 से आगे थी। दूसरे हाफ का खेल शुरू होते ही उत्तर प्रदेश ने अपनी रणनीति में बदलाव किया।

खेल के 59वें मिनट में यूपी टीम की नेहा ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। खेल के 69वें मिनट में राधिका और 84वें मिनट में गरिमा और 88वें मिनट में जन्नत ने गोल कर यूपी टीम का स्कोर 4-1 कर दिया। अंतिम सीटी बजने तक उत्तर प्रदेश की टीम ने बढ़त बरकरार रखी और मुकाबला जीत लिया। टीम के हेड कोच रवि पूनिया, मैनेजर उर्वशी शिखरवार ने जीत पर बधाई दी है।

### यूपी टीम में वाराणसी की चार खिलाड़ी

फाइनल में पहुंची यूपी की फुटबॉल टीम में वाराणसी की चार बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें वर्षा, रितु कन्नौजिया, अंशिका पटेल, सानिया पटेल हैं। इनमें सानिया पटेल गोल स्कोर करने में सबसे आगे हैं। इन खिलाड़ियों ने आगरा में आयोजित शिविर में प्रशिक्षण लेकर यूपी टीम में जगह बनाई है।

### बेबी लीग फुटबॉल का उद्घाटन आज

फुटबॉल नर्सरी की ओर से छह दिवसीय बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता बरेका इंटर कॉलेज मैदान में खेली जाएगी। इसका उद्घाटन 24 अगस्त रविवार को शाम चार बजे होगा। आयोजन सचिव फुटबॉल नर्सरी के कोच भैरव दत्त ने बताया की सब जूनियर बेबी लीग फुटबॉल 24 से 29 अगस्त तक खेली जाएगी। इसके लिए बालक बालिका वर्ग में 12 टीमों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता का फाइनल 29 अगस्त को होगा।

# एक साल बाद वापसी करेंगी मीराबाई चानू राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में बिखेरेंगी चमक

**नई दिल्ली।** मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिलिस खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं, लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारत की स्टार भारोत्तोलन मीराबाई चानू एक साल बाद वापसी के लिए तैयार हैं। मीराबाई सोमवार को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुआई करेंगी। चानू ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और इसके बाद से वह चोटों से जूझती रहीं। मीराबाई से अब राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

### मीराबाई ने 48 किग्रा में खेलने का किया है फैसला

मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिलिस खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं, लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है।



मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। अक्तूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की तैयारी में जुटी चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं झोंकेंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालिफाइंग टूनार्मेंटों में से एक है।

चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है। जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।

### भारतीय टीम इस प्रकार है...

महिलाः मीराबाई चानू (48 किग्रा), स्नेहा सोरेन (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), सेराम निरुपमा देवी (63 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), हरमनप्रीत कौर (77 किग्रा), वंशिता वर्मा (86 किग्राः), महक शर्मा (+86 किग्रा) पुरुषः चनंबम ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा); एम राजा (65 किग्रा); नारायण अजित (71 किग्रा), वल्लूरी अजय बाबू (79 किग्रा), अजय सिंह (88 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), हरचरण सिंह (110 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)।

# सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में गुकेश का सामना फिरोजा से, प्रज्ञानंद देंगे डुडा को चुनौती

**नई दिल्ली।** फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानंद का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानंद ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले।

विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सिनक्यूफील्ड कप शतरंज टूनार्मेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे, जबकि उनके हमवतन आर प्रज्ञानंद का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्सटॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानंद का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानंद ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले।



अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।

# दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल

**नई दिल्ली।** शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे।'

अपने जमाने की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स भी उपस्थित थी। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रशंसक और सहेली शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होगी।





सेरेना ने कहा, 'मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।' इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।'

# मोदीनगर राज चौराहे पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मोदीनगर (करंट क्राइम)। मोदीनगर राज चौपला पर वुडहिल कंपनी द्वारा बनाये जा रहे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक मंजू सिवाच, अध्यक्षता मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली ने की। इस मौके पर प्रमुख रूप से मौजूद रहने वालों में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, वुडहिल कंपनी के एमडी विवेक भाटी, डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी, डायरेक्टर रोहन चौधरी एवं एसडीम मोदीनगर, अन्य अधिकारी एवं मोदीनगर शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## शिवशक्ति धाम डासना की बदहाली दूर करने में सहायता करेगी क्राउड फाउंडेशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्राउड फाउंडेशन नामक संस्था ने 108 प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया है। इस संस्था में डायमंड फ्लाईओवर के नाम एक प्राचीन मंदिर और हापुड़ देहात के एक प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया है। अब यह संस्था क्षेत्र के प्राचीनतम मंदिर शिवशक्ति धाम डासना के जीर्णोद्धार व पुनर्निर्माण में सहायता करेगी। संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद सिंह ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज से मिलकर उन्हें इसका आश्वासन दिया। अरविंद सिंह ने बताया कि सबसे पहले वो शिवशक्ति धाम डासना की जीर्ण हो चुकी दीवार को पूरा करेंगे। इसके बाद वो प्रतिदिन रसोई की व्यवस्था करेंगे और मंदिर के सौंदर्यकरण पर कार्य करेंगे। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने इसके लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया।




## गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम स्थलों की जुटाई जा रही है संख्या

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आजादी के जश्न समारोह और कृष्ण जन्माष्टमी होने के बाद अब अन्य आयोजनों की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारियों व अधीनस्तों की कोशिश है कि पहले की तरह सब राइट रहे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि बकायदा इसके लिए पुलिस ग्राउंड लेवल पर भी काम कर रही है। बताया जा रहा है कि आने वाले सप्ताह में भगवान गणेश का बड़ा व भव्य त्यौहार आ रहा है। जिसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों ही जोन में उसे व्यापक इस्तर पर आयोजित किया जाता है। तो वहीं गजानन के भक्तों के घरों से लेकर सोसाइटियों और बड़े-बड़े पंडाल बनाए और लगाए जाते हैं। नदियापार में तो मिनी महाराष्ट्रा वाला नजारा भी देखने को मिलता है। कहीं एक्सटेंशन से लेकर हाईराइज वाले इलाकों में भी उन्हें दो दिन, चार दिन, तो कहीं 5 और 7 दिन रखा जाता है। इसके बाद उनका तय स्थान पर विसर्जन किया जाता है। गणेश पूजन के दौरान कहां-कहां मूर्ति स्थापित की जानी है। किस-किस सोसायटी में गणेश पूजन का आयोजन होना है, कहां विसर्जन होगा, इसको लेकर पुलिस




कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात पुलिस से लेकर सिविल पुलिस वाले गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम स्थलों की संख्या जुटाने में लगे हुए हैं। तो वहीं पुराने आयोजनों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। वहीं सुरक्षा तीन विभागों को मुख्य रूप से संभालनी है। जिसमें सिविल पुलिस, ट्रैफिक और अग्निशमन विभाग एक्टिव मोड में रहेगा। वहीं सुनने में आ रहा है कि लोकल खुफिया तंत्र वालों को भी अधिक बाहर निकलने व संपर्क बढ़ाने की जानकारी मिल रही है। पुलिस के सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है जहां पर भी आयोजन होगा, उसके लिए बाकायदा संबंधित अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के आयोजन नहीं होगा, तो वहीं प्रत्येक आयोजन स्थल के प्रमुख लोगों के नाम, नंबर और अन्य जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही गणेश जी की प्रतिमा का साइज भी दर्ज कराया जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस की ओर से यह सावधानियां और प्रयास इसलिए किए जा रहे हैं ताकि कोई घटना- दुर्घटना ना हो। वहीं पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की ओर से भी सुरक्षा को लेकर भी पूरी तत्परता और मुस्तैदी बरतने का निर्देश जारी कर दिया गया है ताकि सब कुछ सफल रहे।

## गाजियाबाद में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट से निवेश और राजस्व बढ़ेगा: नगर आयुक्त

### साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगी निर्बाध जलापूर्ति, अवैध नलकूपों पर होगी कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कंप्लीट हुए प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से देखते हुए ली गई। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में 1108 औद्योगिक इकाइयों को गाजियाबाद नगर निगम जलापूर्ति कर रहा है। शेष औद्योगिक इकाइयों को भी शीघ्र औद्योगिक जलापूर्ति के लिए कार्यवाही चल रही है। टीम के द्वारा समीक्षा बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। ऐसी औद्योगिक इकाइयां जिनके द्वारा अवैध रूप से लगे हुए नलकूप का इस्तेमाल करते हुए जलापूर्ति की जा रही है उन पर विभाग कड़ी कार्यवाही करेगा। निर्णय लिया गया, साथ ही जिन औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति हो रही है उनको बिल वितरित करने के लिए भी निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त द्वारा निर्धारित शुल्क के क्रम में बिल वितरित करने के लिए महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को निर्देशित किया गया।

### नगर आयुक्त ने टीम के साथ की समीक्षा बैठक

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में एस वरदराजन डायरेक्टर वी ए टेक वेबग लिमिटेड, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती उपस्थित रहे जिनके द्वारा रोड रेस्टोरेशन से लेकर, किए जा रहे शोधित जल की प्रक्रिया संबंधित प्रेजेंटेशन दी गई। औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति के लिए किया जा रहे रजिस्ट्रेशन व अन्य पर भी गहनता से विचार विमर्श किया गया। औद्योगिक क्षेत्र से भी निगम को जलापूर्ति करने पर आय प्राप्त होगी, रेट निर्धारण करने तथा बिल वितरित करने पर योजना बनाई जा रही है। बॉन्ड कमेटी के सदस्य के रूप में निर्माण विभाग से मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी, देशराज, जलकल विभाग से आस कुमार व अन्य टीम उपस्थित रही ।

### साहिबाबाद क्षेत्र में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट से मिल रहा है औद्योगिक इकाइयों को लाभ

**करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को जलापूर्ति हेतु सफलतापूर्वक संपन्न हुए ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट के कार्य के उपरांत प्रोजेक्ट के भव्य उद्घाटन के लिए भी निगम योजना बना रहा है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को जलापूर्ति की जा रही है जिसका लाभ औद्योगिक इकाइयों को मिल रहा है समय-समय पर नगर आयुक्त व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा भी चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग निरीक्षण की क्रम में की जा रही है, शहर हित में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा तेजी से कार्य चल रहा है।

## कलछीना गांव में भारतीय किसान यूनियन का जोरदार प्रदर्शन, सैकड़ों किसानों ने ली सदस्यता

**मोदी नगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर के कलछीना गांव में किसानों ने सभा का आयोजन किया, जिसमें भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के पदाधिकारी ने भागीदारी की, सभा की अध्यक्षता चौधरी आस मोहम्मद ने की और संचालन इस्तखार प्रधान ने किया। सभा में भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, कोषाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, सोनवीर खुटैल, सोनवीर चाचा, प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान ने शिरकत की। राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली ने कहा कि जाति धर्म को छोड़कर किसान संगठन को मजबूत किया जाए जिससे कि किसानों की समस्याओं का हल हो सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों की सभी समस्याओं का हल किसानों के साथ मिलकर किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख ने कहा कि जब तक मिनिमम फसल की कीमत एमएसपी कानून सरकार लागू नहीं कर देती यह संघर्ष जारी रहेगा। कलछीना के सभी किसान और मजदूरों ने भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के साथ सदस्य





ग्रहण करते हुए संघर्ष करने की घोषणा की। आज की सभा में नेता हसरत अली, आजाद तोमर, हसरत एमपी, खान मोहम्मद, हाजी गुलजार, नजाकत अली सभी व्यक्तियों ने अपने विचार रख सदस्य ग्रहण की।

## आईएमएस गाजियाबाद ने मेरठ में शिक्षकों को किया सम्मानित

### 370 से अधिक अध्यापकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के बृहस्पति भवन में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेरठ, के शिक्षकों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएमएस गाज़ियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया, मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ) एम.के. गुप्ता (प्रो. वाइस चांसलर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ) एवं आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ) एम. के. गुप्ता ने कबीर का दोहा सुनाते हुए उपस्थित शिक्षकों का स्वागत किया। प्रो. एम. के. गुप्ता इस कार्यक्रम से बहुत प्रभावित हुए एवं वह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल के सभी प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से मिले। कार्यक्रम में उपस्थित असीम कुमार दुबे (प्रधानाचार्य, दीवान पब्लिक स्कूल), डॉ. करविन्दर सिंह (प्रधानाचार्य, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल), डॉ. सुधांशु शेखर (प्रधानाचार्य, के. एल इंटरनेशनल स्कूल), ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में मेरठ के 70 से ज्यादा स्कूलों के 370 से अधिक अध्यापकों को सम्मानित किया गया। जिसमें सेंट जोहन्स स्कूल, मेरठ पब्लिक स्कूल, बीडीएस इंटरनेशनल स्कूल, डीएमए स्कूल एवं डीपीएस मेरठ प्रमुखतः रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संध्या शर्मा एवं डॉ. दीपा गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। माया ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता गुप्ता इन दिनों संगीत के क्षेत्र में भी काम कर रहे हैं। उन्हें दिल्ली में सम्मानित किया गया। सम्मान के इस पल को उन्होंने फेसबुक पर अपने समर्थकों के साथ साझा किया। ममता गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# स्वतंत्रता दिवस पर यूक्रेन ने रूस पर किए भीषण हमले, परमाणु संयंत्र को भी बनाया निशाना

**मॉस्को।** कुर्स्क स्थित संयंत्र में आग लग गई थी, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

रूसी अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले से संयंत्र का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि विकिरण का स्तर सामान्य रहा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि उसे इस घटना की जानकारी मिली है, लेकिन स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। एजेंसी प्रमुख राफेल मरियानो ग्रोसी ने कहा कि हर हाल में परमाणु ठिकानों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। यूक्रेन ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।



**मॉस्को ने रविवार को यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने रूस के पश्चिमी क्षेत्र कुर्स्क में स्थित एक परमाणु बिजली संयंत्र पर ड्रोन हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के 34 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा था। रूसी अधिकारियों के अनुसार, रातभर कई ऊर्जा और बिजली ठिकाने ड्रोन हमलों का शिकार बने**

रूस-यूक्रेन में लगातार ड्रोन युद्ध रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने रविवार रात तक 95 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। वहीं रूस की ओर से भी यूक्रेन पर 72 ड्रोन और एक क्रूज मिसाइल दागे गए, जिनमें से 48 को यूक्रेनी वायु सेना ने नष्ट कर दिया। इस बीच रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित उस्त-लूगा बंदरगाह पर भी आग लग गई। यहां के ईंधन निर्यात केंद्र पर यूक्रेनी ड्रोन का मलबा गिरने से आग भड़की।

स्वतंत्रता दिवस पर जेलेंस्की का संदेश कीव के स्वतंत्रता चौक से वीडियो संदेश में राष्ट्रपति जेलेंस्की ने देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां सुरक्षा और शांति के साथ जीवन संभव होगा। जेलेंस्की ने कहा कि हमारा भविष्य केवल हमारे हाथ में है। उन्होंने अमेरिका-रूस की हाल की अलास्का बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया यूक्रेन को सम्मान देती है और उसे बराबरी से देखती है।

सहयोग और मोर्चे पर लड़ाई इस मौके पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भी कीव पहुंचे और जेलेंस्की से मुलाकात की। वहीं नॉर्वे ने यूक्रेन को सात अरब क्रोनर (करीब 695 मिलियन डॉलर) की नई सैन्य मदद का ऐलान किया, जिसमें जर्मनी के साथ मिलकर दो पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं। इसी बीच, पूर्वी मोर्चे पर डोनेस्क क्षेत्र में लड़ाई जारी रही। रूस का दावा है कि उसकी सेना ने यहां दो गांवों पर कब्जा कर लिया है।

## गाजा में इस्राइली हमला 33 लोगों की मौत, युद्ध में अब तक 62600 से अधिक फलस्तीनी गंवा चुके जान

**खान यूनिस।** गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और खराब होते जा रहे हैं। इस्राइल ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को गाजा में ताजा हमला किया, जिसमें कम से कम 33 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें औरतें, बच्चे और खाने की तलाश कर रहे लोग भी शामिल थे। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस युद्ध में अब तक 62,622 फलस्तीनी जान गंवा चुके हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो पहले लापता थे और अब उनकी मौत की पुष्टि हो गई है।




इस्राइल के रक्षा मंत्री ने चेतावनी दी है कि अकालग्रस्त गाजा शहर कुछ ही दिनों में होने वाले एक नए सैन्य अभियान में तबाह हो सकता है। वहीं, सहायता समूह लंबे समय से चेतावनी दे रहे हैं कि गाजा में खाद्य और चिकित्सा आपूर्ति पर महीनों से लगे इस्राइली प्रतिबंधों के कारण भुखमरी फैल रही है। हालांकि, इस्राइल ने अकाल की घोषणा को सरासर झूठ बताकर खारिज कर दिया है। वहीं, युद्धविराम के प्रयास स्थगति हैं, क्योंकि मध्यस्थ इस्राइल के अगले कदमों का इंतजार कर रहे हैं।

विस्थापित लोगों के तंबुओं को बनाया निशाना नासिर अस्पताल के मुर्दाघर के रिकॉर्ड और स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस्राइल ने ताजा हमला दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर किया, जिसमें कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे शामिल थे। वहीं, शेख रादवान फील्ड अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी गाजा में इस्राइली गोलीबारी में कम से कम पांच सहायता चाहने वालों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह हमला इस्राइल से लगी जिकिम क्रॉसिंग के पास हुआ, जहां से संयुक्त राष्ट्र और अन्य ट्रकों के काफिले इस क्षेत्र में प्रवेश करते हैं।

हमले में एक कैमरामैन की भी हुई मौत फलस्तीनी पत्रकार सिंडिकेट ने बताया कि कैमरामैन खालिद अल-मधौन की जिकिम क्रॉसिंग पर घटनाओं को कवर करते समय मौत हो गई। उन्होंने दावा किया कि उन्हें इस्राइली सैनिकों ने निशाना बनाया था। स्थानीय फलस्तीन टीवी ने खालिद की मौत की पुष्टि की।

## जेलेंस्की पुतिन से वार्ता करने को तैयार, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति संग बातचीत में दी सहमति

**कीव।** रूस और यूक्रेन में जबर्दस्त तनाव के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति से बातचीत करने पर सहमति जताई है। जेलेंस्की ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से बातचीत में कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।



जेलेंस्की ने रामफोसा से बातीचत में कहा कि वैश्विक दक्षिण को शांति के पक्ष में प्रासंगिक संकेत भेजने चाहिए। सोशल मीडिया पोस्ट में जेलेंस्की ने कहा, मैंने दक्षिण अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से फोन पर बात की। मैंने उन्हें हमारे सहयोगियों के साथ संयुक्त राजनयिक प्रयासों और वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई उपयोगी बैठकों के बारे में बताया। प्रासंगिक संकेत भेज रूस को शांति की ओर ले जाए ग्लोबल साउथ

जेलेंस्की ने आगे कहा, मैंने रूस के प्रमुख के साथ किसी भी तरह की बैठक के लिए अपनी तत्परता दोहराई। हालांकि, रूस एक बार फिर मामले को और भी आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि ग्लोबल साउथ प्रासंगित संकेत भेजे और रूस को शांति की ओर ले जाए।

जेलेंस्की ने बाल्टिक देशों की एकजुटता की सराहना की यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष के खिलाफ बाल्टिक देशों की यूक्रेन के साथ एकजुटता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ यूरोपीय महाद्वीप में शांति लाएगा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, हम लिथुआनियाई, लातवियाई और एस्टोनियाई लोगों द्वारा बाल्टिक मार्ग के साथ प्रदर्शित की गई स्वतंत्रता की लालसा को याद करते हैं।

## एपस्टीन मामले में प्रिंसेस डायना की एंट्री, मैक्सवेल का दावा- दोनों की लंदन में मुलाकात कराई गई

**वॉशिंगटन।** एपस्टीन पर यौन तस्करी और यौन शोषण के गंभीर आरोप हैं। मैक्सवेल, एपस्टीन की सहयोगी रही और यौन तस्करी में साथ देने के अपराध में उसे 20 साल की सजा सुनाई गई है। फिलहाल वह जेल में बंद हैं और वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से क्षमादान की मांग कर रही है। पिछले महीने डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने मैक्सवेल से पूछताछ की। इस पूछताछ के दौरान मैक्सवेल ने बताया कि एपस्टीन से मिलने से पहले, वह लंदन में रहती थी और वहां कुछ ऊंचे ओहदे वाले लोगों से उसकी जान-पहचान थी। इनमें राजकुमारी डायना की सबसे अच्छी दोस्त रोजा मॉन्कटन भी शामिल थी। मैक्सवेल ने बताया कि रोजा के पति डोमिनिक लॉसन एक प्रसिद्ध पत्रकार थे। लंदन में राजकुमारी डायना और एपस्टीन की मुलाकात आयोजित कराई गई थी मैक्सवेल ने बताया कि रोजा ने एक बार लंदन में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें जेफ्री एपस्टीन भी शामिल हुआ था।



**अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा शुक्रवार जेफ्री एपस्टीन मामले में कुछ टेप जारी किए गए। इन टेप में जेफ्री एपस्टीन की सहयोगी रही गिस्लेन मैक्सवेल के बयान हैं। एक बयान में मैक्सवेल ने संकेत दिए हैं कि ब्रिटेन की दिवंगत राजकुमारी डायना के साथ भी एपस्टीन की मुलाकात हुई थी। मैक्सवेल का दावा है कि दोनों की मुलाकात तय की गई थी**

मैक्सवेल ने बताया, 'मुझे नहीं पता कि वह डायना के साथ बैठा था या डायना से मिला था। वह उनसे पहले भी मिल चुका था। मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे लगता है कि दोनों की मुलाकात रोजा ने ही आयोजित की थी। मैक्सवेल ने कहा 'मैं डायना की बुराई नहीं करना चाहती'। इसके बाद मैक्सवेल कुछ बोलते-बोलते रुक गई और इस बारे में आगे बात नहीं की। हालांकि मैक्सवेल का कहना है कि साल 2000 के आसपास एपस्टीन और डायना की मुलाकात हुई होगी, लेकिन डायना की 31 अगस्त, 1997 को पेरिस में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। मैक्सवेल ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने एपस्टीन को शाही परिवार से मिलवाया था।

# पीएम ओली की भारत और चीन यात्रा पर नजरें, सीमा विवाद सुलझाने पर रहेगा जोर

**काठमांडू।** इसी बीच नेपाल और भारत के बीच सीमा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। नेपाल जिस लिपुलेक क्षेत्र को अपना अभिन्न अंग मानता है, वहां से भारत और चीन ने व्यापार शुरू करने का समझौता किया, जिसके बाद विवाद गहराया। लगभग 13 महीने के अपने तीसरे कार्यकाल के बाद प्रधानमंत्री ओली को भारत जाने का निमंत्रण मिला है। हाल ही में नेपाल आए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ओली को भारत यात्रा का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। ओली के सचिवालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने भी इस निमंत्रण के लिए आभार प्रकट किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ओली १६ सितंबर को दो दिवसीय भारत यात्रा पर जाएंगे।



**नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की आगामी भारत यात्रा पर लिपुलेक विवाद का सीधा असर पड़ने की संभावना कम दिख रही है। उच्चस्तरीय सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ओली इस दौरे को सीमा विवाद सुलझाने के लिए कूटनीतिक प्रयास के अवसर के रूप में भी देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली चीन और भारत की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं**

हालांकि, भारत यात्रा से पहले प्रधानमंत्री ओली चीन जाएंगे। वह ३० अगस्त को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने बीजिंग जाने वाले हैं। कुछ हलकों का मानना है कि सीमा विवाद की स्थिति में यात्रा करना उचित नहीं होगा, जबकि अन्य का विचार है कि विवाद सुलझाने के लिए इसी यात्रा को अवसर के रूप में लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का सचिवालय इस विषय पर अब तक चुप है। सूत्रों के अनुसार, ओली ने प्रधानमंत्री मोदी को पहले काठमांडू आने का निमंत्रण दिया था, जिसे भारत ने स्वीकार नहीं किया। लेकिन, यदि ओली की भारत यात्रा

## गाजा में इस्राइल पर चार फलस्तीनियों को गोली मारने का आरोप पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से तबाही

**गाजा।** गाजा पट्टी में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। रविवार को इस्राइली सैनिकों ने गाजा सिटी के दक्षिण में चार फलस्तीनियों को गोली मार दी। ये लोग खाने की सहायता लेने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और अल-अवदा अस्पताल के अनुसार, लोग अमेरिकी ठेकेदार 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' के वितरण केंद्र की ओर बढ़ रहे थे, तभी सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गोलीबारी उस समय हुई जब भीड़ का एक हिस्सा तय समय से पहले ही आगे बढ़ गया। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए। गवाहों ने कहा कि गोलीबारी अंधाधुंध थी और लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। फिलहाल इस्राइली सेना और जीएचएफ की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। गाजा के उत्तरी हिस्से में इस्राइली सेना बड़े हमले की तैयारी कर रही है, जिससे लोगों में भय और बढ़ गया है। पाकिस्तान में मिलकर उपचुनाव लड़ेंगे शरीफ-भुट्टो परिवार पाकिस्तान के दो बड़े सत्तारूढ़ दल- पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (ढटछ-ठ) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (ढढढ) ने आगामी उपचुनाव संयुक्त रूप से लड़ने का एलान किया है। दोनों दलों ने सीट-अडजस्टमेंट फामूर्ला तय किया है, जिसके तहत पिछली बार दूसरे स्थान पर रही पार्टी का उम्मीदवार वही सीट से उतरेगा। चुनाव आयोग के अनुसार, 18 सितंबर को वजीराबाद, लाहौर और मियांवाली समेत कई सीटों पर उपचुनाव होंगे, जबकि 5 अक्टूबर को फैसलाबाद, साहीवाल और डीजी खान सहित अन्य क्षेत्रों में मतदान होगा। यह समझौता प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मध्यस्थता से हुआ।पीपीपी नेता राजा परवेज अशरफ ने समझौते को अंतिम रूप देने में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सक्रिय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि 9 मई 2023 को हुई हिंसा में संलिप्तता के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं को दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले महीने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं की कई सीटें खाली हो गई थीं। इसी कारण उपचुनाव कराने की नौबत आई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि पीटीआई चुनाव लड़ेगी या नहीं।

## रूस ने यूक्रेन के डोनेट्स्क की दो बस्तियां कब्जाई

**मॉस्को।** रूस ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र की दो बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिणी और पश्चिमी सैन्य समूहों की कार्रवाई के बाद सेरेड्ने और क्लेबन बाइक गांव अब रूस के नियंत्रण में हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि रूसी बलों ने यूक्रेन के एक सैन्य-औद्योगिक केंद्र और 143 स्थानों पर हमला किया, जहां यूक्रेनी सैनिक और विदेशी लड़ाके अस्थायी रूप से ठहरे हुए थे। इसके अलावा, रूसी वायु रक्षा ने पिछले हफ्ते यूक्रेन के हवाई हमलों को नाकाम कर दिया और चार गाइडेड हवाई बम व 160 ड्रोन सफलापूर्वक मार गिराए। ये घटनाएं ऐसे समय में हो रही हैं, जब अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता चल रही है। जेलेंस्की ने पुतिन के साथ वार्ता की सहमति जताई इससे पहले, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने दक्षिण अफ्रीकी गणराज्य के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से उनके अनुरोध पर बात की। मैंने अपने सहयोगियों के साथ संयुक्त राजनयिक प्रयासों और वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई सार्थक बैठकों के बारे में जानकारी दी। रूस को शांति की ओर ले जाए वैश्विक दक्षिण जेलेंस्की ने आगे कहा, मैंने रूस के प्रमुख के साथ किसी भी तरह की बैठक के लिए अपनी तत्परता दोहराई। हालांकि, रूस एक बार फिर मामले को और आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि वैश्विक दक्षिण प्रासंगिक संकेत भेजे और रूस को शांति की ओर ले जाए।



ट्रंप ने रूस को फिर दी प्रतिबंध लगाने की धमकी इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को रूस को एक बार फिर धमकी दी।

# अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस में शामिल हुआ नेपाल, भारत ने साल 2023 में की थी शुरूआत

**काठमांडू।** आईबीसीए ने शनिवार को घोषणा की, 'नेपाल फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करके औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस में शामिल हो गया है। अपने भूभाग में हिम तेंदुआ, बाघ और सामान्य तेंदुआ होने के कारण, नेपाल का आईबीसीए में शामिल होना बिग कैट संरक्षण के लिए वैश्विक सहयोग को मजबूत करेगा।' आईबीसीए ने 'साझा पारिस्थितिक सुरक्षा की दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम के लिए नेपाल सरकार को बधाई दी है।'

नेपाल में साल 2009 में बाघों की संख्या 121 थी, जो अब साल 2022 तक तीन गुना बढ़कर 355 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



### भारत ने की थी बिग कैट अलायंस की शुरूआत

9 अप्रैल, 2023 को कर्नाटक के मैसूर में सात बड़ी बिल्लियों, बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा के वैश्विक संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (क्इउअ) की शुरूआत की थी। भारत के पास बाघों के संरक्षण में एक लंबा अनुभव है और शेर, हिम तेंदुआ और तेंदुए जैसी अन्य बड़ी बिल्लियों के लिए अनुकरणीय संरक्षण मॉडल हैं।

**नेपाल आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस, भारत के नेतृत्व में चल रही एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य बिग कैट की सात प्रजातियों का संरक्षण है। आईबीसीए, बिग कैट संरक्षण में रुचि रखने वाले 90 से अधिक देशों का एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन है**

अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस के प्लेटफार्म की मदद से बिग कैट रेंज के देश अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और बाघों, चीतों आदि के संरक्षण के लिए संसाधन जुटा सकते हैं।

# स्वर्गीय बी यादव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष यादव के पिता बी आर यादव का निधन 8 अगस्त को हो गया था। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ,स्वर्गीय बी आर यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शोक सभा का आयोजन रविवार को हिंदी भवन सभागार में किया गया। समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय बी आर यादव को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने किया निर्माण कार्यों का उद्घाटन

## एक करोड़ 26 लाख 76 हजार की लागत से संवरेगा गाजियाबाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा जनता को प्रत्येक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित हैं। इसके लिए वे गाजियाबाद का चहुंमुखी विकास कराकर उसे आदर्श शहर बनाने के अभियान में जुटे हैं। विकास के अभियान में रविवार को सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने अनेक स्थानों पर सीसी रोड, नाली निर्माण व इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। सांसद निधि से होने वाले कार्यों पर 22.65 लाख व डूडा द्वारा कराए जाने वाले कार्यों पर 1 करोड़ 4 लाख 11 हजार कुल एक करोड़ 26 लाख 76 हजार की लागत आएगी।

### सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने कहा, विकास का अभियान निरंतर जारी रहेगा

**करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में देश व उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। गाजियाबाद का भी पूर्ण विकास कराकर जनता को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने वार्ड 1 में मौहल्ला खैरातीनगर में अतुल के मकान से ईश्वर के मकान तक सांसद निधि से 9.99 लाख की लागत से होने वाले सीसीरोड नाली निर्माण कार्य का उदघाटन किया। वार्ड 1 में ही क्रिश्चियन नगर बागू में गली नंबर 5 में राजकुमार सेठ के मकान से समंदर सैन के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। सांसद निधि से होने वाले इस कार्य की अनुमानित लागत 3.83 लाख है। ब्लूम फील्ड पब्लिक स्कूल से भगत सिंह के मकान तक सासद निधि से 8.83 लाख से होने वाले इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। वार्ड 1 में कृष्णानगर बागू में प्रेम सिंह के मकान से रविंद्र कुमार, महेंद्र से माखन सिंह, धर्मवीर से केपी सिंह व दिनेश कुमार के मकान तक डूडा द्वारा 2717824 की लागत से किए जाने वाले नाली इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने कृष्णा नगर बागू भाग 2 में मनोज गौतम से हलवाई, साइ काज बटन से रतन, दिनेश शर्मा से अशोक व ललित मेडिकल से अमित शर्मा के मकान तक 2058870 की लागत से डूडा द्वारा किए जाने वाले नाली इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उदघाटन किया। कृष्णा नगर बागू भाग 3 में मुरली भगत से ब्रजपाल, सुरेंद्र व नीतू से राकेश के मकान तक डूडा द्वारा 1203552 की लागत से कराए जाने वाले नाली इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। कृष्णा नगर बाबू भाग 2 में सागर से नीतू, बलवीर से देवेंद्र व सतीश से राधे के मकान तक डूडा द्वारा कराए जाने वाले 2066236 की लागत से नाली इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। कृष्णानगर बागू भाग 1 में अवतार से अंकुर, रोशन से विनय, गौरव शर्मा से नैन सिंह, संजय से अशोक भानू वाली गली के मकान तक डूडा द्वारा 2365161 की लागत से कराए जाने वाले नाली इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने कहा, विकास का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सिकंदर बख्त की 107वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय, नेहरू नगर, गाज़ियाबाद में रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सिकंदर बख्त की 107वीं जयंती पर एक विनम्र श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस. एम. अकरम एवं जाकिर हुसैन, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश कुंवर बासित अली, भाजपा गाज़ियाबाद महानगर अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मयंक गोयल तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. असलम फहीम सैफी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिकंदर बख्त भारतीय राजनीति के आदर्श व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सदैव देशहित और समाज की सेवा को प्राथमिकता दी। उनकी सादगी और ईमानदारी आज भी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है। प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि स्व. बख्त ने राष्ट्रवाद और सेवा की परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया और उनका जीवन संगठन व देशहित को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गाज़ियाबाद के कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव की बात है कि हम सब आज उनकी जयंती पर उन्हें याद कर रहे हैं, उनका संघर्ष और समर्पण संगठन के प्रति निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा का मार्ग दिखाता है।

श्रद्धांजलि सभा का संचालन एडवोकेट जावेद खान सैफ (पूर्व अध्यक्ष, पश्चिम उत्तर प्रदेश, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा) ने किया। इस अवसर पर डॉ. रिजवान मीर (निवर्तमान अध्यक्ष, पश्चिम उत्तर प्रदेश), सरदार बलप्रीत सिंह (महानगर अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा), सरदार तरनजीत सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा) सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्व. सिकंदर बख्त को श्रद्धांजलि दी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पब्लिक की डिमांड पर हो गए भगवा पार्षद के बोल एकदम कड़क? कह दिया, जब मुझे नहीं दिये गार्डन बी वाले ने वोट, तो नहीं बनेगी इनकी सड़क? जब जनता ने निकाले काम में खोट तो पार्षद ने दोहराया, कौन सा दे दिये थे तुम लोगों ने मुझे वोट? पार्षद ने घुमा दी अपने कड़क लहजे की लाठी और कह दिया मेरा नाम है मिस्टर भाटी? मैं हूं उसका जो चुनाव में रहा था मेरा साथी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उन पार्षद ने नहीं ली किसी अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि से चुनाव वाली बात पर अपनी राय? पार्षद ग्रुप पर कर दिया उन्होंने ये ऐलान किया कि मैं लड़ूंगा कार्यकारिणी चुनाव, चाहे कुछ भी हो जाए? उन्होंने कहा कि मैंने की है पार्टी की पूरी तरह से सेवा? और अब मुझे मिलना ही चाहिए कार्यकारिणी वाला मेवा? उन्होंने मांग लिये पार्षद ग्रुप पर अपने लिये वोट? राय ने कहा- आप सब करेंगे मुझे सपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मोदीनगर वाले पुल के उद्घाटन में सांसद सांगवान को आ गये कॉलेज के पुराने दिन याद? पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का निक नेम लेकर वो बोले- हमारा कॉलेज का साथी है प्रशांत चौधरी? सांसद सांगवान ने कहा- हमने कॉलेज में दिन हैं साथ-साथ बिताए? हम जानते हैं अपने भाई प्रशांत चौधरी पप्पू को और हम जानते हैं वो करेंगे बढ़िया काम? फिर कहीं से आई आवाज? सांसद जी अगर इतनी गहरी दोस्ती है तो इस बार चौधरी साहब का बागपत विधानसभा से करा देना समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मोदीनगर में जब फूटा पुल के निर्माण का नारियल, तो पहुंच गए वहां आस-पास के खोका पटरी वाले? उन्होंने जब जताई रोजगार को लेकर अपनी चिंता, तो उन्हें मिला मौके पर ही ठोस आश्वासन? अगर, यहां से हटा रोजगार तो निश्चिंत रहो तुम्हारे लिये अगला स्थान रहेगा तैयार? लेकिन ये भी बता दिया कि सबकुछ होगा एज-पर-रूल? दिलाया भरोसा कि नहीं विस्थापित होने देंगे तुम्हारा काम? आखिर जमीन से जुड़ा नेता ही कर सकता है इस तरह का ऐलान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी चुनाव से पहले ही पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने कर दी है डिमांड? अगर, नहीं मिले हमें कार्यकारिणी से पहले मिनट्स तो जारी रहेगा हमारा विरोध? कह दिया कि 46 पार्षदों की एसोसिएशन उठाएगी आवाज? इनमें 40 होंगे भाजपा के और छह विपक्ष वाले करेंगे आवाज को बुलंद? कहा कि जो पार्षद जनता के साथ नहीं, वो कार्यकारिणी में भी क्या करेगा जाकर? फिर कहीं से आवाज आती है, जब नहीं मिले तुम सबको मिनट्स? क्या फायदा हुआ इतना आवाज उठाकर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस में क्यों चल रही है रिश्तों में दरार आने की बात? सुना है, जटवाड़े वालों ने कर लिया खुद को दिल्ली वाली मैरिज के फंक्शन से दूर? हाथ वाले ही बता रहे हैं कि ऐसे तो नहीं होता है कोई मजबूर? कुछ ना कुछ बात तो हुई है जरूर? गूंज रही है हाथ वालों में चर्चा, दोनों ने ही भर रखा है चुनाव वाला पर्चा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी वालों के यहां अब साइलेंट हो गए हैं कॉलेज वाले लालाजी? शुरू में तो उन्होंने दिखाई थी बहुत तेजी और कर भी रहे थे वो एक्शन की मुनादी? सुना है, अब वो भी हो गए हैं हालात देखकर खुद के अंदाज को बदलने के आदी? नीले लालजी के सियासी तेवर अब होने लगे हैं ढीले? अब , नहीं दिखाई देते वो शहर के सियासी माहौल में खुद को पॉलिटिकल धार देते हुए? अब उनके अंदाज हो गए पहले से लचीले?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी चुनाव का ऐलान होते ही टैक्स के मामले पर सबको एकजुट करने वाले भगवा पार्षद गोयल ने पढ़ाया सबको अनुशासन का पाठ? सुना है पार्षदों के व्हॉट्सएप ग्रुप पर रख दी उन्होंने अपनी बात पूरी जिम्मेदारी के साथ? कहा- संगठन अध्यक्ष और मेयर से बात करने के बाद ही सार्वजनिक करें अपनी दावेदारी? पार्षद नीरज गोयल ने पढ़ा दिया इस तरह से अनुशासन का पाठ? हमें प्रोपर चैनल से मांगना चाहिए टिकट? देना ना देना संगठन का काम? क्या मिस्टर गोयल मैडम जी से करना चाहते हैं अब अपनी ट्यूनिंग आसान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार निगम कार्यकारिणी वाले चुनाव में आएगा विरोध वाला सीन बहुत ही रोचक? भगवा पार्षद करेंगे दावेदारी और भगवा पार्षद ही करेंगे उनका विरोध? टैक्स वाले आंदोलन में जो रहे थे दूसरे पाले के साथ? इस बार आंदोलन वाले पार्षद भी कह देंगे वोट भी ले लो जाकर उन्हीं के पास? सुना है- हैल्थ होने वाली है सबकी एक साथ खराब? अब देखना ये है कि डॉक्टर सबके अलग-अलग होंगे, या सरकारी अस्पताल से आएगा पर्चा एक साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम कार्यकारिणी चुनाव में क्या रहेगा हाथ वाले तीन पार्षदों का सीन? क्या विपक्ष वाले चेहरे के रूप में बन सकती है इनमें से किसी एक चेहरे के नाम पर बात? कहने वाले ने कहा कि क्या कांग्रेस के अध्यक्ष करेंगे इस मामले में अपने पार्षदों का कोई सहयोग? क्या वो बनाएंगे कार्यकारिणी में जाने का कोई योग? क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष की वर्किंग से पता चलेगा कि कितना है उनके अंदर आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर जोश?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# गाजियाबाद में सड़कों की दुर्दशा से लोग परेशान, साहिबाबाद और बृज विहार में गहरे गड्ढे बने मुसीबत

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद साइट चार औद्योगिक क्षेत्र में सड़क की हालत खराब हो चुकी है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही। गड्ढों में पानी भरने से राहगीर घायल हो रहे हैं। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारी और वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर गहरे गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरने के कारण वे दिखाई नहीं देते। कई वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो चुके हैं।







### अधिकारियों को भी पत्र दिया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं : भूपेंद्र उपाध्याय



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि गड्ढों में भारी वाहन अक्सर फंस जाते हैं या पलटने की स्थिति में आ जाते हैं। इससे न केवल उद्योगों को आर्थिक नुकसान हो रहा, बल्कि काम पर आने वाले कर्मचारियों को भी समय पर आने वाले कर्मचारियों को भी समय पर पहुंचने में परेशानी होती है। इस मामले को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को भी पत्र दिया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं गड्ढे भरवा रहे हैं। गड्ढे इतने गहरे हैं की गाड़ी का पलटने का भी डर बना रहता है।

### आये दिन भयंकर जाम लगता है : विनय चौधरी



**करंट क्राइम।** बृज विहार क्षेत्र के पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि एक तो नाले के निर्माण के चलते बृज बिहार में जल भराव की समस्या बनी रहती है वहीं कंट्री से सूर्य नगर वाली सड़क जगह से टूटी हुई है। आये दिन भयंकर जाम लगता है जिस कारण 10 मिनट का रास्ता 1 घंटे में पर होता है। यूपीएसआईडीए विभाग को कई बार लिखकर भी दिया है कि इन गड्ढों को भरवाया जाए लेकिन अभी तक गड्ढे भरेनहीं गए हैं। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क मरम्मत की मांग की है, ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाई जा सके और क्षेत्र में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

# मच रहा एक वार्ड में घमासान और पार्षद हैं हैरान ना प्रस्ताव ना निधि फिर वाटर पंप लग गया किस विधि से

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कहीं सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल है तो कहीं निर्माण की वैधता पर बवाल है और इन सबके बीच खबर उस वार्ड से हैं जहां एक नहीं बल्कि चार पार्षद बताए जाते हैं। एक पार्षद वो जिसे पार्टी ने टिकट दिया और जनता ने वोट दिया।

एक वो जो खुद को अभी से पार्षद की दावेदारी में मानते हुए लेटरबाजी पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं। एक वो जिनके पास संगठन वाला पद है, लेकिन वो चाहते हैं कि पार्षद बनकर कद बढ़ाएं। ये ऐसा वार्ड है जहां लाइट को लेकर अघोषित पार्षद पत्र देते हैं, लाइट लगवा भी लेते हैं, लेकिन इस बार कमाल हो गया है। वार्ड में आने वाले एक गांव में स्थित प्राइवेट फैक्ट्री में निगम के खजाने से



वाटर पंप लग गया। ये पंप कैसे लग गया और किसके कहने पर लगा है इसको लेकर इंटरनल घमासान मच गया है।

सूत्र बता रहे हैं कि उद्यान विभाग के खाते से पंप लगा है। पार्षद हैरान हैं कि उन्होंने कोई निधि स्वीकृत नहीं कराई। उन्होंने पंप के लिये कोई प्रस्ताव नहीं दिया तो फिर ये पंप किसी फैक्ट्री के भीतर कैसे लग गया। वहीं महकमा सूत्र बताते हैं कि बिना लिखा पढ़ी तो कील भी जारी नहीं हो सकती है। इसलिये लिखा पढ़ी में कोई ढील नहीं हुई है। बहरहाल मामला भीतर ही भीतर उबाल मार रहा है और जल्द ही इस मामले में बवाल आएगा।